* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 221

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

गोली का जवाब गोले से मिलेगा : मोदी



SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यों ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल 12वीं के साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट जारी

# साइंस में 79.26 और कॉमर्स में 91.2 फीसदी पास

## साइंस में अंकिता, कॉमर्स में रेशमी बनीं स्टेट टॉपर, दोनों स्ट्रीम में लड़कियां आगे



- आर्ट्स का रिजल्ट अगले सप्ताह तक आयेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से इंटर साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम का परिणाम शनिवार को जारी हो गया। जैक सभागार में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा ने शनिवार को रिजल्ट जारी किया। साइंस का रिजल्ट 79.26 फीसदी, वहीं कॉमर्स का 91.2 फीसदी रहा। साइंस में टोटल 98,634 छात्र थे, जिनमें से 78,186 परीक्षा में शामिल हुए। इस साल के साइंस का रिजल्ट पिछले साल से 7 फीसदी बेहतर है। वहीं कॉमर्स में कुल 22,066 छात्र थे, जिनमें से 20,285 पास हुए। दोनों स्ट्रीम में लातेहार जिले का रिजल्ट सबसे बेहतर रहा है। इस साल इंटरमीडिएट की परीक्षा गत 11 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित की गयी थी।

### लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा

**साइंस और कॉमर्स में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है। साइंस में 80.53 फीसदी लड़कियां सफल हुई हैं, जबकि लड़कों का रिजल्ट 48.43 फीसदी रहा। वहीं कॉमर्स में 95 फीसदी लड़कियां सफल रहीं, जबकि लड़कों का रिजल्ट 86 फीसदी रहा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के चेयरमैन डॉ नटवा हांसदा ने बताया कि जल्द ही आर्ट्स का भी रिजल्ट जारी किया जायेगा।**

**साइंस में अंकिता, कॉमर्स में रेशमी बनीं स्टेट टॉपर :** साइंस स्ट्रीम में अंकिता दत्ता को 500 में से 477 अंक मिले हैं और उन्होंने राजकीय कृत हाई स्कूल, गोविंदपुर से पढ़ाई की है। वहीं कॉमर्स स्ट्रीम में रेशमी कुमारी ने 476 अंक प्राप्त कर संत जेवियर गर्ल्स कॉलेज, चाइबासा से जिले और राज्य का नाम रोशन किया है।

**कॉमर्स का 90.60 फीसदी रहा था रिजल्ट :** बीते साल कॉमर्स स्ट्रीम में ओवरऑल पास पर्सेंटेज 90.60 फीसदी रहा था। बीते साल 25,907 विद्यार्थियों ने कॉमर्स स्ट्रीम में परीक्षा दिया था। इनमें से 23,235 परीक्षार्थी पास हुए। ओवरऑल पासिंग 90.60 फीसदी रहा, जबकि 61 फीसदी परीक्षार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन से परीक्षा पास की है।

**72.70 फीसदी था इंटर साइंस का रिजल्ट :** साइंस स्ट्रीम में 72.70 फीसदी परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए थे। साइंस स्ट्रीम में कुल 94,433 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था। इनमें से 68,203 परीक्षार्थी पास हुए थे।

### साइंस के टॉप पांच

| रैंक | नाम | अंक | स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | अंकिता दत्ता | 477 | राजकीयकृत +2 हाई स्कूल, गोविंदपुर |
| 2 | अंकित कुमार साह | 476 | नोआमुंडी इंटर कॉलेज, नोआमुंडी |
| 3 | किशोर कुमार | 474 | +2 हाई स्कूल, बरकागांव |
| 3 | जगन्नाथ सिंह चौधरी | 474 | वी.के. मजदूर इंटर कॉलेज, चास |
| 3 | हिमांशु कुमार | 474 | बिशनपुर इंटर कॉलेज, बिशनपुर |
| 4 | जिया श्रीवास्तव | 473 | उसुर्लाइन इंटर कॉलेज |
| 4 | मुस्कान कुमारी | 473 | उसुर्लाइन इंटर कॉलेज |
| 4 | साक्षी गुप्ता | 473 | उत्क्रांत +2 हाई स्कूल, छोटकी खरगडीहा, बेंगाबाद |
| 5 | अतोशी मिश्रा | 472 | आदिवासी +2 हाई स्कूल, बंगुर्दा |

### कॉमर्स के टॉप पांच

| रैंक | नाम | अंक | स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | रेशमी कुमारी | 476 | सेंट जेवियर्स गर्ल्स इंटर कॉलेज, चाईबासा |
| 2 | हसन शेख | 475 | सरकारी +2 हाई स्कूल, मिहिजाम |
| 3 | पियूष शॉ | 474 | सरकारी +2 हाई स्कूल, मिहिजाम |
| 4 | शौरव कुमार | 472 | सरकारी +2 हाई स्कूल, मिहिजाम |
| 5 | मुस्कान कुमारी | 471 | योगदा सत्संग महाविद्यालय |

### उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं : हेमंत सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैक 12वीं में सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की इंटरमीडिएट (12वीं)-कॉमर्स और साइंस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। सभी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं। सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी इस अवसर पर हार्दिक बधाई देता हूं और जोहार करता हूं।

### मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम : राज्यपाल



रांची (आजाद सिपाही)।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जैक 12वीं में सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल की इंटरमीडिएट (विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

### बच्चे ही नहीं, अभिभावक भी हुए सफल: रामदास सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने रिजल्ट जारी करते हुए कहा कि परीक्षार्थी ही नहीं पास हुए हैं, बल्कि शिक्षक और अभिभावक भी सफल हुए हैं। उनकी संयुक्त मेहनत का यह परिणाम है। हमने पिछले साल से हम बेहतर प्रदर्शन किया है। साइंस और कॉमर्स दोनों में बेहतर रिजल्ट रहा।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# रिमांड खत्म, विनय चौबे और गजेंद्र सिंह भेजे गये जेल

- शराब घोटाला मामले में एसीबी ने किया था गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शराब घोटाले में गिरफ्तार निलंबित आइएएस अधिकारी विनय चौबे और सहायक उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को शनिवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने कोर्ट में पेश किया। इसके बाद अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दोनों को दो दिन की रिमांड अविध पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान चौबे से एक दिन ही पूछताछ हुई। वहीं, गजेंद्र से दो दिन पूछताछ चली। दोनों अधिकारियों ने संलिप्तता से इनकार किया। हालांकि दोनों ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने प्राथमिकी और गिरफ्तारी को गलत बताया है। दोनों ने प्राथमिकी और चल रही कार्यवाही रद्द करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया है। बताते चलें कि एसीबी ने 38 करोड़ के घोटाले में दोनों को 20 मई को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। एसीबी को दो दिनों की रिमांड मिला था।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# अमित शाह की नीति ने तोड़ दी है नक्सलवाद की कमर

## ■ अब पूरी तरह खत्म होने को है देश की यह बड़ी आंतरिक समस्या

## ■ नक्सलग्रस्त इलाकों में विकास योजनाओं ने खत्म किया लाल आतंक

आजाद सिपाही विशेष

**केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के एलान और सुरक्षा बलों की आक्रामक कार्रवाई से अब यह साफ हो गया है कि देश की यह बड़ी आतंरिक समस्या अब अंतिम सांस गिन रही है। वास्तव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों ने नक्सलवाद की कमर तोड़ कर रख दी है। लाल आतंक की यह कहानी कैसे खत्म होने को है, यह जानने से पहले यह जानना जरूरी है कि पिछले करीब छह दशक से देश के विभिन्न इलाकों में बिना मतलब खून-खराबा करने और 'बंदूक की नोक पर सत्ता हासिल करने' का दंभ भरनेवाले नक्सली अब घुटनों पर आ गये हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई और नक्सलग्रस्त इलाकों में तेजी से चलायी गयी विकास योजनाओं ने नक्सलियों की कमर तोड़ दी है। नक्सल समस्या इस देश के लिए और खास कर झारखंड-छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी समस्या है। बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हुआ नक्सलवाद आज देश के आधा दर्जन राज्यों में गंभीर बीमारी का रूप ले चुका है। पिछले छह दशक में नक्सलियों ने 50 हजार से अधिक लोगों की हत्या की है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, सो अलग। अब जब ये नक्सली खत्म होने की कगार पर हैं, तो यह जानना बेहद दिलचस्प है कि इनकी समाप्ति की पटकथा कैसे तैयार की गयी और कौन है इस पटकथा का नायक। इन सवालों के जवाब के साथ क्या है नक्सल समस्या के खात्मे की पूरी कहानी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

कुछ दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलियों का सफाया कर दिया जायेगा। उनकी यह बात अब सच साबित होने लगी है। अब यह साफ हो गया है कि भारत में नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। नक्सलवाद को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने साल 2010 में देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया था। एक समय नक्सलियों के कारण लाल गलियारे की बातें हुआ करती थीं। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक 'रेड कॉरिडोर' बना रखा था।


एक समय लाल आतंक का ऐसा खौफ था कि बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के कई जिलों में शाम के बाद घर से बाहर निकलना भी मुश्किल था। बीते छह दशकों में नक्सलियों की हिंसा में हजारों निर्दोष लोगों की जाने गयीं। लेकिन अब लाल आतंक का यह गलियारा संकुचित होता जा रहा है। साल 2014 के बाद मोदी सरकार ने इस दिशा में तेजी से काम किया और इसका नतीजा यह हुआ कि 2013 में जहां देश के सवा सौ से भी ज्यादा जिले नक्सल प्रभावित थे, अब घटकर सिर्फ 18 जिले ही नक्सल प्रभावित हैं।

### पीएम मोदी ने बिहार में किया एलान

बिहार की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नक्सलवाद के सिमटते दायरे का जिक्र करते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब माओवादी हिंसा का पूरी तरह से खात्मा हो जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने की तारीख तय कर दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय बिहार में नक्सल पीड़ित गांवों में ना तो अस्पताल और ना मोबाइल टावर होता था। कभी स्कूल जलाये जाते थे, तो कभी सड़क बनाने वालों को मार दिया जाता था। हालात ऐसे थे कि मुंह पर नकाब लगाये, हाथों में बंदूक थामे नक्सली कब कहां सड़कों पर निकल आयें, लोग इस दहशत में जीते थे। लेकिन साल 2014 के बाद माओवादियों को उनके किये की सजा देनी शुरू कर दी गयी है। युवाओं को विकास की मुख्यधारा में भी लाया जा रहा है। इसी वजह से अब देश में महज 18 जिले ही नक्सल प्रभावित बचे हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही देश को आश्वस्त कर चुके हैं कि साल 2026 मार्च से पहले देश से नक्सलवाद का पूरी तरह से खात्मा हो जायेगा।

### नक्सलवाद पर मोदी सरकार की नीति

मोदी सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि नक्सलियों के साथ-साथ वो उन कथित मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, जिन्हें 'अर्बन नक्सल' भी कहा जाता है, उनके दबाव में भी नहीं आयेगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादियों का समर्थन करते हैं। इतना ही नहीं, बल्कि सरकार ने अब सफेदपोश 'अर्बन नक्सलियों' पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार नक्सलवाद के खात्मे की तरफ तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार ने मार्च 2026 से पहले ही नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की प्रतिबद्धता जतायी है। नक्सलियों के सफाये के लिए तीव्र गति से अभियान चलाया जा रहा है। सरकार ने नक्सलियों के सफाये और नक्सल प्रभावित इलाकों के विकास के लिए अनेकों महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं।



### पश्चिमी सिंहभूम सर्वाधिक प्रभावित जिलों में शामिल

बिहार की धरती से पीएम मोदी ने नक्सलियों के सफाये का दृढ़ वचन दिया है। उसी बिहार में तीन साल पहले तक 10 जिले नक्सलियों का गढ़ हुआ करते थे। लेकिन अब बिहार में नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया हो चुका है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या भी पूरे देश में 35 से घटकर अब सिर्फ छह ही रह गयी है। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा के अलावा झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है।

नक्सली हिंसा की घटना, जो साल 2010 में अपने उच्चतम स्तर 1936 तक पहुंच गयी थी, वह साल 2024 में घटकर सिर्फ 374 रह गयी है। इस दौरान नक्सली हिंसा में 81% की कमी आयी है। वहीं इन नक्सली घटनाओं में होने वाली मौतों में भी 86% तक की कमी हुई है। इस साल के शुरुआती चार महीने में ही लगभग दो सौ कट्टर नक्सलियों को सुरक्षा बल ढेर कर चुके हैं। वहीं मुठभेड़ों में मारे गये नक्सलियों की संख्या 63 से बढ़कर 2089 हो गयी है। साल 2014 में 76 जिलों के 330 थानों में 1080 नक्सली घटनाएं दर्ज की गयी थीं, जबकि साल 2024 में 42 जिलों के 151 थानों में 374 घटनाएं दर्ज की गयीं। 2014 में 88 सुरक्षाकर्मी नक्सली हिंसा में शहीद हुए थे, जो 2024 में घटकर सिर्फ 19 रह गये हैं। 2014 में 928 और 2025 के पहले चार महीनों में 700 से भी अधिक नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। जहां पहले नक्सल प्रभावित क्षेत्र 18,000 किमी से ज्यादा था, जो अब महज 4200 किमी ही शेष है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लगभग 77 प्रतिशत की कमी आयी है।

### सच साबित हुई अमित शाह की घोषणा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 21 मई को सोशल मीडिया पर ऐतिहासिक घोषणा करते हुए बताया था कि पिछले 30 वर्षों में पहली बार महासचिव स्तर के नक्सली कमांडर बासव राजू को मार गिराया गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है। नक्सलियों के खिलाफ हाल के दिनों में सरकार ने कई सफल अभियान चलाये हैं। इस महीने हुए 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' से छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 27 नक्सली ढेर किये गये। इसमें डेढ़ करोड़ का इनामी बसव राजू भी शामिल था। इस ऑपरेशन में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 84 ने आत्मसमर्पण किया। यह अभियान इस बात का संकेत है कि वामपंथी उग्रवाद अब खत्म होने के कगार पर है। इससे पहले 21 अप्रैल से 11 मई तक छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेंगे गुट्टालू पहाड़ी पर नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान चलाया गया था। इस दौरान 21 मुठभेड़ों में 31 नक्सली मारे गये, जबकि सुरक्षा बलों का कोई भी जवान हताहत नहीं हुआ। इस अभियान में 210 से अधिक नक्सली ठिकाने और बंकरों को नष्ट कर दिया गया और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी। फिर 21 अप्रैल को बोकारो के ललपनिया में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली विवेक समेत आठ नक्सली मारे गये। 17 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 22 कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई। 30 मार्च को बीजापुर में ही 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। 20 मार्च को बीजापुर और कांकेर में दो अलग-अलग ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने 22 नक्सलियों को मार गिराया। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के ताबड़तोड़ अभियान से यह उम्मीद भी जगती है कि सरकार द्वारा तय समय सीमा 31 मार्च 2026 से पहले ही भारत नक्सलियों से पूरी तरह मुक्त हो जायेगा।

### सरकार की बहुआयामी रणनीति

दरअसल, पिछले एक दशक से सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनायी है, जो काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की साल 2017 में शुरू की गयी समाधान रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा को लेकर कार्य योजना के साथ-साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल हैं। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आयी तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलायीं, जिससे लोगों का भरोसा दोबारा जीता गया। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुए और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने भी स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनायी। रोशनी योजना ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में भी मदद प्रदान की। इस दौरान जहां केंद्र और राज्य सरकारों ने मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखायी, वहीं केंद्रीय और राज्य बलों के बीच बेहतर समन्वय ने भी नक्सल समस्या से निपटने में बड़ी भूमिका निभायी। सरकार की विकास योजनाओं ने भी लाल आतंक को खात्मे की ओर धकेलने में काफी अहम भूमिका निभायी है। सरकार ने नक्सलियों को ठिकाने लगाने के लिए 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाये हैं, जिससे नक्सलवाद से लड़ाई में काफी मदद मिली है। नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास पहुंचाने के लिए बजट में 300% की बढ़ोतरी की गयी है। साल 2014 से 2024 तक नक्सल प्रभावित इलाकों में 11,503 किमी हाइवे का निर्माण किया गया है। 20,000 किमी ग्रामीण सड़कें बनायी गयीं। पहले चरण में 2343 और दूसरे चरण में 2545 मोबाइल टावर लगाये गये। नक्सल प्रभावित इलाकों में गत पांच वर्षों में बैंकों की 107 शाखाएं और 937 एटीएम भी शुरू किये गये हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में गत पांच वर्षों में बैंकिंग सेवा से युक्त 5731 डाकघर (पोस्ट ऑफिस) भी खोले गये हैं। इन सबका परिणाम है कि नक्सलवाद अब धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है।

---

## भोपाल में प्रधानमंत्री फिर पाकिस्तान पर गरजे

# गोली का जवाब गोले से मिलेगा : मोदी

**आतंकियों के मददगारों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी**

**आतंकियों के जरिए प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगा**



**प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकियों के जरिए प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगा। अब घर में घुस कर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा, उसे भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। 140 करोड़ देशवासी कह रहे हैं कि अगर तुम गोली चलाओगे, मान के चलो गोली का जवाब गोले से दिया जायेगा। पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया। उन्होंने समाज को बांटने की कोशिश की।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर पाकिस्तान पर गरजे। भोपाल में उन्होंने कहा कि गोली का जवाब गोले से मिलेगा। सिंदूर भारत के शौर्य का प्रतीक बन गया है। आतंकियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी। यही चुनौती उनके और उनके आकाओं को लिए काल बन गयी। हमारी सेना ने दुश्मन के घर में सैकड़ों किमी दूर घुस कर उनके आतंकी ठिकानों को तबाह किया। अब घर में घुस कर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा, उसे भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री शनिवार को भोपाल में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने करीब 40 मिनट का भाषण दिया, जिसमें देवी अहिल्याबाई के बारे में चर्चा की, ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया, सेना एवं उनके शौर्य पर बात रखी और महिला सशक्तिकरण तथा विकास योजनाओं का जिक्र किया।

**महिला सशक्तिकरण की चर्चा की :** मोदी ने कहा कि 2014 से पहले 30 करोड़ बहनें ऐसी थीं, जिनके बैंक खाते ही नहीं थे। हमारी सरकार ने उनके खाते खुलवाये और अलग-अलग योजनाओं के पैसे उनके खातों में भेज रही है। मुद्रा योजना से बिना गारंटी के लोन मिल रहा है। मुद्रा योजना की 75 फीसदी से ज्यादा लाभार्थी हमारी माता-बहनें हैं। देश में 10 करोड़ बहनें सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं। आज सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचा रही है, ताकि हमारी माताओं-बहनों को असुविधा न हो। बेटियां अपनी पढ़ाई में ध्यान दे सकें। करोड़ों लोगों के पास पहले बिजली, एलपीजी और टॉयलेट जैसी सुविधाएं भी नहीं थीं। ये सुविधाएं भी हमारी सरकार ने पहुंचाईं। ये सिर्फ सुविधाएं नहीं हैं, ये माताओं-बहनों के सम्मान का हमारी तरफ से नम्र प्रयास है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्टर, सड़क, परविहन आदि समेत अन्य विकास योजनाओं का जिक्र किया।

---


# सारंडा जंगल में नक्सली आइइडी ब्लास्ट में एक ग्रामीण घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में शनिवार सुबह नक्सलियों की ओर से लगाये गये आइइडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा गांव के पास की है।

जब ग्रामीण जंगल में जलावन और साल के पत्ते चुनने गया था। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह विस्फोट नक्सलियों की ओर से पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से पहले से ही लगाया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश इसमें एक निर्दोष ग्रामीण चपेट में आ गया।

पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल ग्रामीण को प्राथमिक उपचार के लिए मनोहरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति स्थिर बतायी गयी है। आवश्यकता पड़ने पर उसे बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल में रेफर किया जायेगा।



बताया जा रहा है कि सारंडा जंगल क्षेत्र में नक्सली गतिविधियां लगातार जारी हैं और पुलिस को निशाना बनाने के लिए इस प्रकार के आइइडी विस्फोटक उपकरण बिछाये जा रहे हैं। फिलहाल घायल ग्रामीण का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय लोगों से जंगल में सतर्क रहने की अपील की है और कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा बलों की गश्त और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिये गये हैं ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

---

# हेट स्पीच केस में मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास दोषी करार, 2 साल की सजा

## कोर्ट ने लगाया तीन हजार का जुर्माना, विधायकी पर संकट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मऊ (उत्तर प्रदेश)।** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनायी। इसके साथ ही तीन हजार का जुर्माना भी लगाया है।

जानकारी के अनुसार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआइ गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआइआर दर्ज की गयी थी। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।



आरोप था कि बीते तीन मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने हेट स्पीच दिया। नगर के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा था कि मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और इसके बाद सबक सिखाने की धमकी भी मंच से दी गयी थी। इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनायी गयी है। धारा 120बी भादवि के तहत उसे छह माह की सजा और एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है।

**ये धाराएं लगीं**

- धारा - 120 बी, भादवि, आपराधिक षड्यंत्र
- धारा- 153 ए, भादवि, धर्म, मूलवंश, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन और सौहार्द्र बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला कार्य करना
- धारा - 189 भादवि, लोक सेवक को क्षति कारित करने की धमकी
- धारा- 171 एफ भादवि, निर्वाचनों में असम्यक असर डालने या प्रतिपरूपण के लिए दंड
- धारा - 506 भादवि, आपराधिक अभित्रास के लिए दंड

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.0 °C | 23.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.30 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.02 बजे |



# इंटर साइंस में धनबाद की अंकिता बनी झारखंड टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शनिवार को इंटरमीडिएट साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट जारी किया। इस वर्ष साइंस में 79.26 फीसदी और कॉमर्स में 91.92 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए हैं। रिजल्ट जारी करने के मौके पर राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा मौजूद रहे। इंटर साइंस में इस बार बेटियों का बोलबाला रहा। धनबाद जिले के राजकीय प्लस टू विद्यालय गोविंदपुर की छात्रा अंकिता दत्ता 95.4 प्रतिशत अंक लाकर स्टेट टॉपर बनी। अंकिता को सबसे अधिक गणित में 100 प्रतिशत नंबर लाया है। अंकित ने सफलता का श्रेय परिजनों और शिक्षकों को दिया है। बताते चलें कि अंकिता स्कूल के पास ही गोविंदपुर गांव में ही रहती है। उसके पिता निजी इलेक्ट्रिशियन है। जबकि माता गृहिणी हैं। जब अंकिता और उनके माता-पिता को पता चला तो वे लोग विद्यालय पहुंचे और शिक्षक से मिले। इस दौरान परिजनों के चेहरे पर अपार खुशी दिखी। वहीं, अंकिता दत्ता ने कहा कि बेहतर रिजल्ट होने में सभी का योगदान रहा। माता-पिता के अलावा शिक्षकों ने खूब सहयोग किया। उसने बताया कि वह आगे जेई की पढ़ाई करना चाहती है। वहीं बेटी की सफलता पर पिता प्रलय दत्ता ने कहा कि अंकिता शुरू से पढ़ने में तेज थी। आगे जो भी पढ़ाई करना चाहेगी उसे पढ़ायेंगे। वहीं माता मालती दत्ता ने कहा अंकिता पढ़ने में शुरूआत से ही अव्वल थी। पढ़ाई करते समय घर में हल्ला होता था तो मना करती थी। जबकि स्कूल से शिक्षक कैलाश दत्ता ने कहा कि अंकिता पढ़ने में तेजतर्रार थी। वह शुरूआत से ही हर विषय में अव्वल रही है। हम लोगों को पता था कि वह काफी अच्छा रैंक करेगी, लेकिन यह नहीं पता था कि वह स्टेट टॉप करेगी। अंकिता को उनकी सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई।

## कपड़ा विक्रेता की बेटी रेशमी बनी कॉमर्स में स्टेट टॉपर

**साइंस में सेकेंड टॉपर बना चाय विक्रेता का बेटा अंकित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाइबासा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इंटर साइंस और कॉमर्स के परिणाम घोषित कर दिये हैं। पश्चिमी सिंहभूम के दो छात्रों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। चाइबासा के छोटा नीमडीह निवासी रेशमी कुमारी ने कॉमर्स में राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि नोवामुंडी के अंकित कुमार साह ने साइंस में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**रेशमी कुमारी बनीं कॉमर्स की स्टेट टॉपर :** संत जेवियर्स गर्ल्स इंटर कॉलेज, चाइबासा की छात्रा रेशमी कुमारी ने इंटर कॉमर्स परीक्षा में 476 अंक (95.2%) हासिल कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेशमी की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता और स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं बेहद खुश हैं। रेशमी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। वे भविष्य में बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई करना चाहती हैं।

रेशमी के पिता चाइबासा बस स्टैंड के पास एक छोटी-सी कपड़े की दुकान चलाते हैं, जबकि उनकी मां गृहिणी हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण रेशमी ने आगे की पढ़ाई के लिए सरकार से सहायता की अपील की है। उनके परिवार में दो बहनें और एक भाई हैं। उनकी बड़ी बहन रौशनी कुमारी बीसीए की पढ़ाई कर रही हैं। रेशमी ने अपनी सफलता का राज बताते हुए कहा कि उन्होंने परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाये रखी। वे अन्य छात्रों को भी यही सलाह देती हैं।

### अंकित कुमार साह ने साइंस में हासिल किया दूसरा स्थान

नोवामुंडी कॉलेज के छात्र अंकित कुमार साह ने साइंस संकाय में 95.2% अंक हासिल कर राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी कड़ी मेहनत और लगन ने उन्हें यह मुकाम दिलाया। अंकित के पिता अनिल साह बड़ाजामदा में एक छोटी-सी चाय की दुकान चलाते हैं, जबकि उनकी मां गृहिणी हैं। परिवार ने सीमित आय के बावजूद अंकित की पढ़ाई का खर्च उठाया। अंकित की इस उपलब्धि ने उनके परिवार और समुदाय का गौरव बढ़ाया है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# झारखंड सरकार आदिवासियों को खेतिहर जमीन से बेदखल करना चाहती है : बाबूलाल

**बिना ग्रामसभा की सहमति के एक इंच भी जमीन नहीं देने देंगे**

**गठबंधन सरकार चला रही है जमीन हथियाओ अभियान**

**खेती-बाड़ी की जमीन उजाड़कर विकास नहीं, विनाश हो रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के कांके के नगड़ी में आदिवासी रैयतों एवं किसानों की उपजाऊ खेतिहर जमीन पर निर्माण की योजना का विरोध कर रहे आदिवासी-किसान रैयतों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने इस निर्माण कार्य को झारखंड के विकास की आड़ में विनाश करार दिया है। उन्होंने कहा कि यहां जो लोग वर्षों से खेती-बाड़ी कर अपनी आजीविका चला रहे हैं, उन्हें आखिर क्यों उजाड़ा जा रहा है? इन किसानों ने कौन-सा अपराध किया है जो उनकी उपजाऊ जमीन छीनी जा रही है? सरकार यदि अस्पताल ही बनाना चाहती है तो रांची के चारों ओर बंजर भूमि की कोई कमी नहीं है। अगर उन्हें नहीं मिल रही है तो हम खोजने को तैयार हैं। श्री मरांडी ने आगे कहा कि इस क्षेत्र में एक ओर 202 एकड़, दूसरी ओर 25 एकड़ जमीन है। सरकार को सोचना चाहिए कि क्या ये सही निर्णय है? उपजाऊ खेतों को बर्बाद करके अस्पताल बनायेंगे, तो ये विकास नहीं, झारखंड का विनाश है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील किया कि वे एक बार यहां आकर देखें कि वास्तव में क्या हो रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि इससे पहले भी लॉ यूनिवर्सिटी के निर्माण के समय ऐसे ही खेती की जमीन ली गयी थी, और तब भी स्थानीय लोग विरोध में धरने पर बैठे थे।

उन्होंने कहा कि मैं पहले भी इस जमीन पर आ चुका हूं, लेकिन तब स्पष्ट नहीं था कि कौन-सी जगह छोड़ी गयी है। अब स्पष्ट दिख रहा है कि सरकार की वक्र दृष्टि फिर से इस जमीन पर पड़ गयी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार को विकास के नाम पर आदिवासी-किसानों की आजीविका नहीं छीननी चाहिए। झारखंड की आत्मा उसकी मिट्टी, खेत और किसान हैं, और इन्हीं के विनाश से राज्य का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा।

बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी के रैयतों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा को न केवल सुना, बल्कि सरकार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ग्रामसभा की अनुमति के बिना किसी की भी जमीन को अधिग्रहण करना गैरकानूनी है। संविधान के अनुसार आदिवासियों को उनकी जमीन पर अधिकार है, और भाजपा उनके साथ खड़ी है। पुलिस बल लगाकर आदिवासियों की जमीन छीनने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जमीन अधिग्रहण की पूरी फाइल दिखायी है। उसमें न कोई अधिसूचना, न मुआवजा, न ग्रामसभा की सहमति। ये सब लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। भाजपा यह अन्याय नहीं होने देगी।

### सड़क से लेकर विधानसभा तक उठेगा मुद्दा

बाबूलाल मरांडी ने एलान किया कि भाजपा पूरे मामले को विधानसभा से लेकर सड़क तक उठायेगी। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो पार्टी न्यायालय का दरवाजा भी खटखटायेगी। इस मौके पर अशोक बड़ाइक, बाल्कू उरांव, सहित गांव के सैकड़ों आदिवासी रैयत उपस्थित थे।

# ट्रेन में फेरी करने वाले का बेटा बना साइंस में जामताड़ा टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा।** 12वीं की परीक्षा में जामताड़ा जिले का नाम रोशन करते हुए ओम वर्णवाल ने साइंस स्ट्रीम में टॉप किया है। ओम ने 467 लाकर जिले में टॉप किया है। मिहिजाम हिल रोड निवासी ओम ने अपनी सफलता से यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल की जा सकती है। ओम वर्णवाल एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता ट्रेन में फेरी का काम करते हैं, जबकि उनकी मां अंजू देवी एक गृहिणी हैं। ओम के भाई-बहन भी पढ़ाई कर रहे हैं। ओम की इस उपलब्धि ने उनके परिवार का मान बढ़ाया है।

**इंजीनियर बनना चाहते हैं ओम :** ओम की सफलता की कहानी प्रेरणादायक है। उन्होंने 10वीं की परीक्षा में भी स्कूल टॉप किया था। वे मिहिजाम के प्लस टू हाइस्कूल के छात्र हैं। ओम ने बताया कि उन्होंने रोजाना 6-7 घंटे पढ़ाई की और सोशल मीडिया से दूर रहे। वे इंजीनियर बनना चाहते हैं। पढ़ाई के अलावा, उन्हें दोस्तों के साथ खेलना भी पसंद है। ओम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा, टीचर और मम्मी-पापा की बात मानने से रिजल्ट हमेशा अच्छा होता है। ओम ने सभी छात्रों कोसलाह दी कि वे कड़ी मेहनत करें और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES (AIIMS), BHUBANESWAR
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक सांविधिक निकाय
सिजुआ, डाक : डुमुडुमा, पात्रपड़ा, भुवनेश्वर, ओडिशा -751019

फाइल सं.: RECT-11015/1/2023-RECU SEC/1217 दिनांक: 30.05.2025

वॉक–इन इंटरव्यू

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर निम्नलिखित गैर–संकाय पद के लिए 11 माह के लिए या वैकल्पिक व्यवस्था होने तक, जो भी पूर्व हो, निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार अनुबंध के आधार पर वॉक–इन इंटरव्यू के लिए पात्र उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है:

| क्रम सं | पद का नाम | योग्यता / अनुभव | पदों की संख्या | आयु सीमा | मासिक वेतन | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चिकित्सा भौतिक विज्ञानी (परमाणु चिकित्सा) | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम.एससी. न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजी<br>**वांछनीय**<br>1. एईआरबी द्वारा मान्यता प्राप्त आरएसओ लेवल–II प्रमाणन 2. परमाणु चिकित्सा में पीएच.डी. | 02 | 21-35 वर्ष | ₹ 86,955/- | 09/06/2025 |

| | |
|---|---|
| रिपोर्टिंग समय: | पूर्वाह्न 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| रिपोर्टिंग का स्थान: | कक्ष सं. –331, भर्ती प्रकोष्ठ, तृतीय तल, शैक्षणिक ब्लॉक, एम्स भुवनेश्वर, सिजुआ, जिलारू डुमुडुमा, भुवनेश्वर, ओडिशा–751019 |

2. उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक उपरोक्त निर्दिष्ट स्थल पर वॉक–इन इंटरव्यू के लिए रिपोर्ट कर सकते हैं, सत्यापन के लिए अपने मूल प्रमाण पत्र, प्रशंसापत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ला सकते हैं । पूर्वाह्न 10:30 बजे के उपरांत रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

–स्वा–
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
एम्स, भुवनेश्वर

# वृक्ष भगवान शिव की तरह हैं : योगेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष रूप कार्बन डाइऑक्साइड को स्वयं में समाहित कर समाज की रक्षा करते हैं पेड़**

**विश्व पर्यावरण दिवस पर झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ का दस दिवसीय अभियान आयोजित**

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ द्वारा 27 मई से 5 जून तक स्वस्थ पर्यावरण, सुरक्षित भविष्य विषय पर दस दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, मेसरा परिसर में 251 पौधों का रोपण और कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए।

उन्होंने संघ की इस पर्यावरणीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह मुहिम विद्यालय परिसर से शुरू होकर पूरे राज्य और देश में पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलायेगी। उन्होंने कहा कि वृक्ष भगवान शिव की तरह हैं, जो विष रूप कार्बन डाइऑक्साइड को स्वयं में समाहित कर समाज की रक्षा करते हैं।

संघ के महासचिव राहुल कुमार ने अभियान की गंभीरता को रेखांकित करते हुए जल, जंगल और जमीन के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निर्मल जल, स्वस्थ जंगल और शुद्ध भूमि के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। राहुल कुमार ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में मोरहाबादी मैदान में भी पौधारोपण व झोला वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय, मेसरा प्रशासन को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष प्रभात, कोषाध्यक्ष अंशुमन, संयुक्त सचिव संदीप, ओम प्रकाश, लोकेश, शुभम, अविनाश, पंकज, अजीत, अभियंता प्रमुख बृजनंदन कुमार, मुख्य अभियंता श्रवण कुमार, अभिनेंद्र कुमार, मोतीलाल पिंगुवा, अमरेश कुमार, हेमंत लोहानी सहित कई अन्य अभियंता और उनके परिवारजन उपस्थित थे।

# एनआइए ने विस्फोटक से भरे ट्रक की लूट मामले की जांच शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने बीते 27 मई की रात ओड़िशा के राउरकेला जिले से नक्सलियों द्वारा विस्फोटक लदे ट्रक की लूट मामले को टेकओवर कर जांच शुरू कर दी है।

**बारूद लेकर बांको पत्थर खदान की ओर जा रहा था ट्रक :** उल्लेखनीय है कि ओड़िशा के राउरकेला जिले में नक्सलियों ने 27 मई की रात एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। नक्सलियों ने एक ट्रक को लूट लिया था, जिसमें लगभग 5 टन विस्फोटक सामग्री लदी हुई थी। यह ट्रक खदानों में उपयोग के लिए बारूद लेकर बांको पत्थर खदान की ओर जा रहा था। रास्ते में केबलांग थाना क्षेत्र से गुजरते समय नक्सलियों ने ट्रक को रोककर उसके चालक को बंधक बना लिया और ट्रक को जबरन झारखंड के सारंडा के घने जंगलों की ओर ले गये। हालांकि बाद में चालक को छोड़ दिया गया।

**खदान से दोबारा लोड कराकर बारूद ले गये थे नक्सली :** जानकारी के अनुसार, जब ट्रक खदान पहुंचा, उसी समय हथियारबंद नक्सली भी वहां पहुंच गये और ड्राइवर और मजदूरों को धमकाकर पहले से अनलोड किये गये विस्फोटकों के पैकेट्स को दोबारा ट्रक में लोड करवाया।

इसके बाद नक्सली ड्राइवर को अगवा कर ट्रक को जंगल की ओर ले गये, जहां पहले से 40 से अधिक नक्सली इंतजार कर रहे थे। नक्सली वैन से विस्फोटक उतारकर जंगल में चले गये और ड्राइवर और वैन को वहीं छोड़ दिया।

### चाइबासा पुलिस ने बरामद किया था लूटा गया विस्फोटक

बीते 30 मई को चाईबासा जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम और भाकपा माओवादी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के क्रम में सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल और पहाड़ का लाभ उठाकर भाग गये थे। मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने बीते दिनों ओड़िशा से लूटा गया विस्फोटक बरामद किया, हालांकि पूरा विस्फोटक अब तक बरामद नहीं हो पाया है। इसको लेकर सुरक्षा बलों द्वारा जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सघन सर्च ऑपरेशन जारी है। इसके अलावा मौके से अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री भी बरामद की गयी, जिसे विधिवत जब्त किया गया था।

JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Building, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-monitoring@sfcjharkhand.in

Very Short Tender Notice

NIT No.: 1798 Date : 29/05/2025

JSFC invites proposal from the intended CAG empanelled chartered accountant Firm/LLP, having head/branch office in Ranchi for conducting the provisional Audit of all 24 DM office, H.Q., for the financial year 2023-24 & 2024-25.

| Sl. No. | NAME OF THE WORK | Provisional Audit of accounts of JSFCSCL for the last two financial years (2023-24 & 2024-25) |
|---|---|---|
| 1. | Scope of Work | As mentioned in Request for proposal (RFP) |
| 2. | Mode of submission of bid | Manual |
| 3. | Trader fee & EMD (INR) | RFP document fee - INR 3000/- (Non Refundable) via RTGS/NEFT/Online<br>EMD- INR 15000/- (Refundable) via RTGS/NEFT/Online |
| 4. | Date of Issue of Tender Document | 31.05.2025 |
| 5. | Last Date of Bid Submission | 09.06.2025, 5:00P.M. |
| 6. | Date of BID Opening | 10.06.2025, 3:00P.M. |
| 7. | Place of Submission of Bids (hard copy) | Managing Director, Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002 |
| 8. | Helpline number | +91-8084696646<br>Mail:- monitoring@sfcjharkhand.in |
| 9. | Tender Document | Tender document can be downloaded from Website- **jharkhand.gov.in → Department→ Food, Public Distribution & Consumers Affairs → Tender & Corrigendum.** |

**Managing Director,**
Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# साइंस में जिया श्रीवास्तव बनीं रांची जिला टॉपर

## टिफिन सर्विस का काम करते हैं पिता

**अब सिविल सर्विस का सपना संजोया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में रांची के लालपुर की रहने वाली जिया श्रीवास्तव ने 473 अंक प्राप्त कर राज्य में चौथा स्थान (फोर्थ टॉपर साइंस) हासिल किया है। जिया उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। जिया के पिता गौतम कुमार श्रीवास्तव टिफिन सर्विस का काम करते हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। परिवार की सीमित आर्थिक स्थिति के बावजूद जिया ने अथक मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है। दो बहनों में सबसे छोटी जिया ने पूरे परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। अभी से जिया का लक्ष्य साफ है वह भविष्य में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनका मानना है कि कठिन मेहनत और आत्मविश्वास से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। उनकी सफलता से परिवार और शिक्षकों में खुशी की लहर है और रांची के लालपुर क्षेत्र में भी जश्न का माहौल है।

# कॉमर्स में रेखा तिर्की बनीं रांची जिला टॉपर

**468 अंक लाकर राजधानी का मान बढ़ाया**

**रेख तिर्की के पिता लेबर का काम करते हैं**



**रांची (आजाद सिपाही)।** जैक ने शनिवार को इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। शनिवार को जैक परिसर में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इंटरमीडिएट विज्ञान और कॉमर्स का रिजल्ट जारी किया। कॉमर्स में रांची की रेखा तिर्की ने पूरे स्टेट में 6वां रैंक हासिल किया है। इसके साथ ही वह रांची जिला टॉपर बनीं है। उन्होंने 468 अंक लाकर टॉप किया है। उनके पिता का नाम महादेव उरांव है। रेखा तिर्की मूल रूप से रांची के न्यू मधुकम एरिया में की हैं और रांची के उसुर्लाइन इंटर कॉलेज से पढ़ाई की हैं। उनके पिता लेबर का काम करते हैं। रेखा ने जिला टॉप करके पूरे परिवार के साथ जिला का मान बढ़ाया है।

## एसबीयू में टॉक सीरीज का आयोजन

# मिलावटी भोजन से गंभीर बीमारियां : डॉ खादर वली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में सुपर सैटरडे फैकल्टी एंपावरमेंट टॉक सीरीज (भाग-3) के अंतर्गत शनिवार को मशहूर खाद्य और पोषण विशेषज्ञ डॉ खादर वली का व्याख्यान हुआ। 'विनिंग हेल्थ बैक टू मिलेट फूड' विषय पर बोलते हुए उन्होंने भोजन में मिलाये जाने वाले रसायनों और मिलावट के कारण हो रहे हार्मोनल असंतुलन पर अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने मिलेट्स (अनाज) और अन्य खाद्यान्न जैसे चावल, गेहूं आदि के बारे में बताया। आज की कॉरपोरेट फूड संस्कृति और तथाकथित हरित क्रांति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने इस संदर्भ में विरोध के कम उठते स्वर पर भी आश्चर्य व्यक्त किया।

डॉ वली ने रासायनिक और मिलावटी खाद्यान्नों के कारण हमारे शरीर में हो रहे आंतरिक और वाह्य परिवर्तनों और रक्त की संरचना में बदलावों की बात की। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसकी वजह से आधुनिक दौर में हमें बड़ी तादाद में उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, थायरॉइड, कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां देखने को मिल रही हैं। प्रत्येक दिन के अशुद्ध भोजन से शरीर और रक्त में लगातार आने वाला कार्बन डाइऑक्साइड धीरे-धीरे कई प्रकार की बीमारियों का कारण बन रहा है।

वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर मिलेट्स का विशेष तौर पर उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये हमारे रक्त में किसी तरह का विषैला रसायन नहीं छोड़ते और हमारे शरीर का प्राकृतिक तरीके से डिटॉक्सिफिकेशन करते हैं। मिलेट्स में शारीरिक ऊर्जा को बढ़ाने की पूरी वैज्ञानिक प्रणाली होती है। मिलेट्स भविष्य का भोजन है और हमारे पूर्वज इस ज्ञान को जानते थे।

उन्होंने उपस्थित श्रोताओं से अपने जीवन शैली को बदलने और साथ ही आहार में बदलाव लाने की अपील भी की।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ, जिसमें शिक्षकों ने डॉ वली से सवाल पूछे। विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन और महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने सत्र के विषय में बोलते हुए इसे उपयोगी करार दिया और डॉ वली से बेहतर जीवन शैली से संबंधित सवाल भी पूछे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ आरोही आनंद ने किया। इस अवसर पर विवि के शिक्षकगण और शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### मिलेट मैन ने लोगों को किया जागरूक

मिलेट मैन के नाम से मशहूर खाद्य और पोषण विशेषज्ञ डॉ खादर वली पिछले ढाई दशकों से भी ज्यादा समय से देश के लोगों को मोटे अनाज को अपने आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। वे बाजरे की प्रजातियों से निर्मित श्रीधान्य को कई गंभीर बीमारियों के इलाज का विकल्प मानते हैं। इसे लेकर उन्होंने देश-विदेश में बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया है। मैसूर के केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिक रहे डॉ वली विदेशों में भी काफी समय तक रहे। लेकिन अंततः देश में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए उन्होंने भारत में ही रहने का फैसला किया। प्रकृति संरक्षण के बारे में बेबाकी से अपने विचार रखने वाले डॉ वली बाजरे को ग्लोबल वॉर्मिंग कम करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मददगार मानते हैं। उनका मानना है कि अगर भारत में सकारात्मक तरीके से खेती की जाये, तो आनेवाले पचास वर्षों के भीतर देश को सूखे की समस्या से पूरी तरह से निजात मिल सकेगी। वर्ष 2023 में भारत सरकार ने उनको पद्मश्री से सम्मानित किया।

# एसबीयू में रिज्वॉइस रील मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में रिज्वॉइस रील मेकिंग पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विवि के प्रशासनिक ब्लॉक में किया गया। समारोह में चुनी गयी तीन सर्वश्रेष्ठ रील्स को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य एवं विवि के निदेशक (योजना एवं संगठनात्मक विकास) डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने एसबीयू के छात्रों द्वारा रीलों के माध्यम से कहानी प्रस्तुतीकरण के लिए उनकी सराहना की। हमारे द्वारा किये जाने वाले प्रत्येक कार्य में आनंद की अनुभूति और उसकी उपयोगिता पर उन्होंने जोर दिया। कुलपति प्रो सी जगनाथन ने छात्रों द्वारा एसबीयू कैंपस को प्रदर्शित करने के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विवि के महानिदेशक ने अपने संबोधन में 'अल्मा मैटर' के महत्व को रेखांकित किया और छात्रों द्वारा बनायी गयी रीलों की गुणवत्ता की प्रशंसा की। पुरस्कार वितरण समारोह में एमसीए के छात्र आकाश कुमार सिंह प्रथम स्थान पर रहे। उन्हें प्रमाणपत्र के साथ 31 हजार रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया गया। वहीं बीसीए के उत्सव राज द्वितीय स्थान पर रहे और उन्हें प्रमाणपत्र के साथ 21 हजार रुपये की नकद राशि मिली। बीसीए के छात्र आदित्य चौधरी को प्रमाणपत्र के साथ 11 हजार की नकद राशि प्रदान की गयी। इसके अलावा दस छात्रों को 1 हजार की नकद राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। तीन छात्रों को उनके उत्कृष्ट रील निर्माण कौशल के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में सीएस महथा ने मुख्य अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत एवं डॉ रिया मुखर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विवि के डीन, एसोसिएट डीन, निर्णायक मंडल के सदस्य, कर्मचारी और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

# तंबाकू के दुष्परिणामों से बचाने को लोगों को दिलायी शपथ




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** वर्ल्ड नो टोबैको डे के दिन शनिवार को साकची आम बागान, महल प्लाजा परिसर में आइएचएमओ जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश ने तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू उत्पादों के उपयोग न करने हेतु शपथ दिलाया। तंबाकू के सेवन से मुंह एवं फेफड़ों में कैंसर की बीमारी होती है भारत में तंबाकू गुटखा, सुपारी, खैनी और जर्दे के रूप में खाया जाता है। इसके अलावा बीड़ी और सिगरेट एवं हुक्के के माध्यम से भी बड़ी संख्या में लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। तंबाकू से होने वाली बीमारी नुकसान एवं दुष्परिणाम के प्रति बैनर, पोस्टर, पंपलेट के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम संयोजक कमलेश ने युवाओं से अपील की धूम्रपान छोड़ने के लिए तनाव नहीं लेना चाहिए। सिगरेट एंड अदर टोबेको प्रोडक्ट अधिनियम (कोटपा) सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है। कोटपा के नियमों का पालन कर तंबाकू पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस दौरान मुख्य रूप से सरताज, रेशमा मलिक ने अपनी भागीदारी निभाई।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज के बीएड विभाग में व्याख्यान का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के शिक्षा विभाग ने क्षितीश मूक-बधिर विद्यालय, निवारणपुर, रांची के साथ 29 मई को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इसके बाद 31 मई को 'सांकेतिक भाषा के माध्यम से विशेष विद्यार्थियों (श्रवण एवं वाक्बाधित) को शिक्षित करना' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर पंकज कुमार ने मुख्य अतिथियों का परिचय कराया। विभागाध्यक्ष डॉ फ्लोरेंस पूर्ती ने अपने स्वागत भाषण में सभी का अभिवादन किया। इसके बाद क्षितीश मूक-बधिर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार लाल ने अपने व्याख्यान में बताया कि राष्ट्र स्तर पर विकलांगता के 21 प्रकारों को चार वर्ग समूहों में बांटा गया है और इसका विस्तार से वर्णन किया। इसके बाद उन्होंने सांकेतिक भाषा के उद्‌भव, अर्थ एवं प्रकारों की विस्तारपूर्वक चर्चा की।

दूसरे सत्र में क्षितीश मूक-बधिर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रविशंकर झा ने मूक बधिर बालकों के संप्रेषण के लिए प्रयुक्त सांकेतिक भाषा का व्यवहारिक अनुप्रयोग कर आज के व्याख्यान को सार्थक एवं विशेष बनाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भावी प्रशिक्षु शिक्षकों ने सांकेतिक भाषा के विभिन्न आयामों को व्यवहारिक रूप से देखा और सीखा, जिससे वे भविष्य में समावेशी विद्यालयों में एक आदर्श एवं उपयुक्त दक्ष शिक्षक के रूप में सेवा प्रदान कर सकेंगे।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की डॉ अनुपमा भार्गव, डॉ नीलिमा ज्योत्सना टोप्पो, डॉ नंदिता पांडे, डॉ सुधांशु सिरिल कुजूर, सुधा रानी खलखो, पंकज कुमार, जगबंधु महतो, डॉ विक्रम बहादुर नाग, कविता तोपनो, रूमा भट्टाचार्य और शिल्पा किंडो उपस्थित रहे।

# 4 जून से दो दिवसीय इंटरनेशनल कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में 4 और 5 जून को दो दिवसीय इंटरनेशनल ओकिनावा गोजो-रियो कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष शिविर में देशभर से आये 150 कराटेकार भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य 2026 में पुणे में प्रस्तावित विश्व गोजो-रियो कराटे चैंपियनशिप के लिए भारतीय खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर तैयार करना है। इस शिविर की विशेषता यह है कि इसमें बेल्जियम से अंतरराष्ट्रीय कराटे मास्टर्स प्रशिक्षण देंगे। बेल्जियम के हैंसी पीटर हार्स (ब्लैक बेल्ट टैथ दान व ट्रेजरर, विश्व गोजो-रियो कराटे फेडरेशन) होंगे। इनके साथ अन्य प्रशिक्षक शिहान पाल स्टालजेट (बेल्जियम) व शिहान धीरज पवार कुमीते का और शिहान रेन हार्मस कांता का प्रशिक्षण देंगे। वहीं झारखंड स्टेट से मुख्य प्रशिक्षक शिहान मोजीबुद्दीन व पूनम कुमारी सिंह और सेंसाई जोया फातिमा, मिट्ठू रॉय व जितेंद्र कुमार इन सभी प्रशिक्षकों की भूमिका शिविर के दौरान खिलाड़ियों के मार्गदर्शन और तैयारी में अहम रहेगी। यह रांची में आयोजित शिविर झारखंड राज्य के खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय अनुभव और तकनीक से परिचित हो सकेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन इंटरनैशनल ओकिनावा गोजो-रियो कराटे ऑर्गेनाइजेशन झारखंड स्टेट द्वारा, बुद्धा मार्शल आर्ट्स के तत्वावधान में किया जा रहा है।

## एक्वा वर्ल्ड में आज राजस्थानी संडे

**रांची (आजाद सिपाही)।** एक्वा वर्ल्ड, रांची मछली घर में रविवार,1 जून को राजस्थान की कला और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम राजस्थानी संडे का आयोजन होगा। एक्वा वर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार ने बताया कि पूरी शाम राजस्थानी थीम पर आयोजित की जायेगी। पारंपरिक राजस्थानी कपड़ों में फैशन शो का भी आयोजन होगा 'बच्चे राजस्थानी पोशाक में फैंसी ड्रेस में भी हिस्सा ले सकते हैं। किसी भी प्रतियोगिता के लिए कोई शुल्क नहीं होगा। मुख्य कार्यक्रम शाम 5:30 से शुरू होगा। इसके अतिरिक्त राजस्थानी गीतों पर नृत्य भी पेश किया जायेगा। व्यंजन भी इस शाम को पूरे तरीके से राजस्थानी ही होंगे। पूरे कार्यक्रम का संयोजन दीपांजलि ग्रुप के विपुल नायक और डीजे कर रहे हैं।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में 'रिमोट सेंसिंग और जीआइएस के मूलभूत सिद्धांतों' पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित 'रिमोट सेंसिंग और जीआइएस के मूल सिद्धांतों' पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम 26 मई को शुरू हुआ था। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय, बीआइटी मेसरा, जेएसएसी, इग्नू, डीएसपीएमयू और एक्सआइएसएस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने व्याख्यान और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को गहन ज्ञान और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान की। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में क्यूजीआइएस सॉफ्टवेयर और जीपीएस अनुप्रयोगों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल था, जहां प्रतिभागियों ने जियोस्पेशियल डेटा विश्लेषण में वास्तविक अनुभव प्राप्त किया। इस आयोजन ने शिक्षाविदों के बीच सहयोग, ज्ञान आदान-प्रदान और व्यावसायिक नेटवर्किंग के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों ने इस गहन प्रशिक्षण और गहन अंतर्दृष्टि को अत्यंत सराहा। यह कार्यक्रम उनके शोध और शिक्षण क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। डेवलपमेंट कार्यक्रम में बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, और आंध्र प्रदेश के 34 शिक्षकों और शोधकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे और भूगोल विभाग रांची विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ जीतेंद्र शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष अनिमेष रॉय, डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव, डॉ शिव कुमार, डॉ संदीप चंद्र, एंजेलीन टोप्पो, उत्कर्षा रानी ने अमूल्य योगदान दिया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, मिटकॉन मेगा स्किल प्राइवेट लिमिटेड, रांची द्वारा शनिवार को दलादली चौक, रातू में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम, मोबिलाइजेशन ड्राइव एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 250 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना था। शुरूआत में एक जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने पोस्टर व स्लोगन के साथ तंबाकू विरोधी नारे लगाये। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, रांची के परियोजना सहायक अमित कुमार विजय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, तंबाकू से दूरी ही सशक्त जीवन की कुंजी है। सतत विकास के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल के साथ सामाजिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। राज्य प्रमुख पीयूष प्रियम, केंद्र प्रबंधक राजू कुमार और प्रशिक्षक सुप्रिया साही, माधव बाल, संजीव, अनुपा, सिसिलिया समेत अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# मंडा पूजा में लोटन सेवा के साथ शुरू हुई शिव-पार्वती की आराधना

**भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर चलकर आस्था का परिचय दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के मोरहाबादी के ग्राम मंडा टांड़ में मंडा पूजा समिति मोरहाबादी द्वारा आयोजित दो दिवसीय सार्वजनिक मंडा पूजा की शुरूआत की गयी। शनिवार को पूजा के पहले दिन सोक्ताइन और भोक्ताओं ने लोटन सेवा की। 350 सोक्ताइन ओर 525 भोक्ताओं ने जमीन पर लेटकर बाबा भोलेनाथ मंदिर की परिक्रमा कर अपनी श्रद्धा को प्रकट किया। इसके बाद सोक्ताइन मोरहाबादी तालाब में जाकर कासा के लोटे में जल भरकर कतारबंद होकर मुख्य मंदिर पहुंचे और भोलेनाथ को जल चढ़ाया इसके बाद भोक्ताओं ने लोटन सेवा और होड़न सेवा समेत कई अनुष्ठान किये। साथ ही मंदिर परिषद के चारों ओर भोक्ताओं ने फुलखुंदी के साथ पश्चिम बंगाल से आये खोड़हा दलों के द्वारा छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद रविवार को झूलन में सभी भोक्ता सज धज के 30 फीट ऊंचे झूले में से झूलकर आस्था के फूल बरसायेंगे। बता दें कि मोरहाबादी के ग्राम मंडा टांड़ में मंडा पूजा हर साल मई माह में किया जाता है। इसमें दो मौजा सात टोला के भोक्ता प्रवेश करते हैं। भोक्ता दो दिनों तक भगवान शिव की आराधना में लीन रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी गुरु बलराम दास गोस्वामी, पाठ भोक्ता क्रिस लोहरा अध्यक्ष निर्मल पहान, संदीप मिर्धा, मनीष तिर्की, अमित मुंडा (पार्षद प्रत्याशी), अर्जुन मुंडा, अमित कुमार, संजय मिर्धा, राजेश तिर्की, अशोक मुंडा, सुरेश मिर्धा, अर्जुन मिर्धा, राकेश मुंडा, बिरजू लोहरा का बहुमूल्य योगदान रहा।






### रक्षा राज्य मंत्री ने किया जगन्नाथ मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

# भगवान जगन्नाथ की कृपा से यह क्षेत्र जल्द ही विकसित होगा : संजस सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य 2 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड से किया जायेगा। इसकी जानकारी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को दी। मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करने के बाद उन्होंने कहा कि पुरी के जगन्नाथ कॉरिडोर की तर्ज पर इस मंदिर परिसर का भी विकास हो, यह मेरा प्रयास है।

उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से यह क्षेत्र जल्द ही विकसित होगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे। यह मंदिर रांची ही नहीं, बल्कि झारखंड की ऐतिहासिक धरोहर है। इसका आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। परिसर का सौंदर्यीकरण इसके महात्म्य को और बढ़ायेगा। उन्होंने कहा कि जगन्नाथपुर मंदिर के बगल में स्थित तालाब का सुंदरीकरण का कार्य भी डेढ़ करोड़ की लागत से करवाया जायेगा। इस तालाब में घाट का निर्माण, लाइट की व्यवस्था, बेंच की व्यवस्था और तालाब के गहरीकरण के साथ-साथ अन्य कई सौंदर्यीकरण के कार्य करवाये जायेंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक नवीन जायसवाल द्वारा शनिवार को हटिया विधानसभा की तीन योजनाओं का शिलान्यास भी सांसद निधि से किया। इस अवसरों पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, राजू सिंह, केके गुप्ता, राहुल शाहदेव, चंदा देवी, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, गोपीचंद पांडेय, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कर किरपा तेरे गुन गांवां...

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु अर्जुन देव के शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय समागम की शुरूआत हुई। भाई कुलविंदर सिंह जी खरड़, मोहाली वाले ने शबद गायन कर संगत को गुरबाणी से जोड़ा। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार के दीवान की शुरूआत रात आठ बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा 'भूले मारग जिनहि बताइआ, ऐसा गुर वडभागी पाइआ... शबद गायन से हुई। गुरुद्वारा के हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने कर किरपा तेरे गुन गांवां... तथा आठ पहर आराधीऐ पूरन सतगुर गिआन, दुख भंजन तेरा नाम... शबद गायन किया।

कथावाचन करते हुए गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने गुरु अर्जुन देव की शहादत के बारे साध संगत को बताया कि गुरु अर्जुन देव महाराज की शहादत मुगल बादशाह जहांगीर द्वारा 30 मई, 1606 को लाहौर में दी गयी यातनाओं के कारण हुई थी। शहीदी के समय मिंया मीर ने गुरु अर्जुन देव से पूछा कि आपके शरीर पर छाले पड़ रहे हैं, इसके बावजूद आप शांत हैं, तब गुरु अर्जुन देव ने कहा था कि जितने जिस्म पर पड़ेंगे छाले, उतने सिख होंगे सिदक वाले, यानि मेरे शरीर में जितने छाले पड़ेंगे, उतने हजारो-करोड़ों सदके वाले सिखों का जन्म होगा।

गुरुपर्व में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई कुलविंदर सिंह जी खरड़, मोहाली वाले ने रात 9.30 बजे से 11 बजे तक 'गुरमुख सुख फल पिरम रस, सहज समाध साध संग जानी, गुर अर्जन विटहु कुरबाणी... एवं ऐसे गुर को बल बल जाइए आप मुकत मोहे तारे... तथा सभे जीअ समालि अपणी मिहर कर... जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को भक्ति के रस में डुबो दिया। आनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुकुमनामा और कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति रात 11.30 बजे हुई। गुरु घर के सेवक पवनजीत सिंह खत्री ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के चैनल मेरे साहिब पर किया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि भाई कुलविंदर सिंह और साथी पुणे से इंडिगो विमान द्वारा सुबह 8.15 बजे रांची पहुंचे, जहां सत्संग सभा के मनीष मिढ़ा, सुमित बजाज, कंवलजीत मिढ़ा, ईशान काठपाल, उमेश मुंजाल, आशु मिढ़ा, कमल तलेजा, नवीन मिढ़ा और हैप्पी अरोड़ा ने उनका बुके भेंट कर स्वागत किया और एयरपोर्ट से उन्हें चार पहिया वाहन से कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब ले आया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कांके रांची में एक दिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन हुआ। संगोष्ठी के संयोजक महाविद्यालय के डॉ ओम प्रकाश ने आगत वक्ताओं का परिचय एवं विषय प्रवेश कराया। महाविद्यालय के परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स डिपार्टमेंट के डॉ जाकिर हुसैन ने कैनवास पेंटिंग से उनका स्वागत सम्मान किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण कुमार झा ने किया। मुख्य वक्ता डॉ प्रीथा रॉय सहायक प्राध्यापक सह सीनियर कंसल्टेंट टेली मानस सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री कांके रांची रही। कुल तीन तकनीकी सत्रों में संगोष्ठी संपन्न हुई। प्रथम तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ प्रीथा रॉय ने कहा कि तनाव, अवसाद, अकेलापन के कारण व्यक्ति नशापान की ओर अपना रास्ता ढूंढता है। जिस प्रकार हम अपनी खुशी को बहुत ही सिलसेवार तरीकों से मैनेज करते हैं ठीक उसी प्रकार से समस्याओं को बहुत ही कुशलता से मैनेज करना है। द्वितीय तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए वरीय काउंसलर गुरमीत कौर ने प्रशिक्षु शिक्षकों के साथ इंटरएक्टिवीव सेशन के तहत उनके द्वारा पूछे गये सवालों के आधार पर विषय को विस्तार से रखा। तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए सुदीप्त ने टेली मानस के उपलब्धियों को बतलाया । संगोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ रितेश, प्रो दुलाल, प्रो भागीरथ, प्रो राकेश सहित सत्र 2024 26 के सभी प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे। तकनीकी असिस्टेंट के रूप में टेली मानस के काउंसलर विशाल का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के संस्कृताचार्य डॉ ओम प्रकाश तिवारी ने किया। राष्ट्रगान से समापन हुआ।

### आरटीसी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन




रांची (आजाद सिपाही)। आरटीसी इंटर महाविद्यालय, पीएचडी, बुटी, रांची ने वर्ष 2025 की इंटरमीडिएट परीक्षा में एक बार फिर से शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में कुल 379 विद्यार्थियों में से 241 ने प्रथम श्रेणी एवं 102 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जो संस्था के समर्पित शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। विज्ञान संकाय में कंचन कुमारी ने 462 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रषांत कुमार एवं सीमा कुमारी ने समान रूप से 456 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान साझा किया। खुशी कुमारी ने 454 अंक के साथ तृतीय और तन्नुश्री बारीक ने 450 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, वाणिज्य संकाय में कुल 142 विद्यार्थियों में से 102 ने प्रथम श्रेणी एवं 35 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस संकाय में श्वाति कुमारी ने 434 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। राधिका कुमारी 419 अंकों के साथ द्वितीय, प्रिया कुमारी 412 अंकों के साथ तृतीय और अनु कुमारी 406 अंक लेकर चतुर्थ स्थान पर रहीं। महाविद्यालय के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो एवं प्राचार्य विकास कुमार ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की मेहनत को इस सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की लगन, बल्कि शिक्षकों की प्रतिबद्धता और संस्था की उच्च स्तरीय शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम है। महाविद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

### राज मछुआ ने ब्लड डोनेट किया



रांची (आजाद सिपाही)। घासी (नायक) युवा कल्याण समिति झारखंड प्रदेश के आइटी सेल के राज मछुआ ने सरिता निवासी थाना कमडारा जिला गुमला निवासी देवाशीष राम को रोड एक्सीडेंट में ब्लड की अवसकता पड़ी तो समाज सेवी मुकेश नायक से संपर्क किया। इसके बाद राज मछुआ ने ब्लड डोनेट करके मनवाता का परिचय दिया।

# अशोक नगर में एडीजी के घर चोरी

### करीब 10 लाख रुपये का सामान चोरी, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के सबसे पॉश इलाकों में से एक अशोक नगर कॉलोनी में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रैंक की अधिकारी, तदाशा मिश्र के आवास पर चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आयी है। घटना अशोक नगर स्थित सिविल सर्विसेज कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की मकान संख्या 457ए में हुई, जो एडीजी तदाशा मिश्र का आवास है।

चोरी की जानकारी तब मिली जब एडीजी के कार्यालय में पदस्थापित जवान, प्रकाश आले ने घर का ताला खोला। अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि घर के अंदर भारी तोड़फोड़ की गयी थी और कई कीमती सामान गायब थे।

प्रकाश आले ने अरगोड़ा थाना में दर्ज शिकायत में बताया कि चोरों ने घर में लगे सभी बिजली वायरिंग उपकरण, मेन स्विच, बिजली मीटर, पंखे, चार कुर्सियां, बाथरूम में लगे सैनिटरी फिटिंग्स (जैसे बेसिन, कमोड, फ्लश और मिरर) को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिये और चोरी कर लिये। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस चोरी में करीब दस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। चोरी की घटना को अंजाम देने वालों का पता लगाने के लिए अशोक नगर और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को उम्मीद है कि सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

# किसके दबाव में छुट्टी के दिन रिपोर्ट बनाकर छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की कर दी अनुशंसा : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में कथित शराब घोटाले को लेकर भाजपा नेता और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाने की प्रक्रिया, उससे जुड़े अफसरों और निर्णयों पर सवाल खड़े किये हैं। मरांडी ने आरोप लगाया है कि जब छत्तीसगढ़ सिंडिकेट के साथ मिलकर यहां शराब घोटाले की तैयारी हो रही थी, तब झारखंड से सचिव स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम को वहां स्टडी कर रिपोर्ट देने के लिये भेजा था। इन अधिकारियों ने रायपुर दौरा कर महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन ही अपनी रिपोर्ट बनाकर छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा कर दी थी। इसे लेकर मीडिया से लेकर चौतरफा आलोचना हुई थी। बाबूलाल ने आगे लिखा कि एसीबी अगर इस शराब घोटाले के तह तक जाना चाहती है, तो उसे रायपुर गयी कमेटी में शामिल सारे लोगों की भूमिका एवं सहभागिता को जांच के दायरे में शामिल करना चाहिए। इस बात की जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए कि रायपुर गयी टीम ने वहां किन लोगों से मुलाकात की, क्या डील हुई? वह डील कराने में कौन लोग शामिल थे?

किसके दबाव में उस टीम को महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन ही छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा वाली रिपोर्ट सौंपनी पड़ी थी? मरांडी ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि मैं एक बार फिर आपसे आग्रह कर रहा हूं कि अगर आप वास्तव में इस शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं तो इस मामले की जांच की अनुशंसा करिये।

### किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



रांची (आजाद सिपाही)। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सहकारिता प्रभाग के तहत खूंटी जिला के फूंदी में निर्मित सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र में रांची जिला के लापुंग प्रखंड एवं खूंटी जिला के मुरूहू प्रखंड के 125 किसानों को पांच दिवसीय लाह के वैज्ञानिक विधि से खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को लाह की खेती हेतु आवश्यक टूल किट्स एवं कीटनाशक का भी वितरण किया गया और आने वाले सीजन में प्रति किसान को 5 किग्रा लाह बीहन भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर राकेश कुमार सिंह, सचिव, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि, रांची, रिंशी राज चटर्जी, डीके सिंह, बालाजी मिश्रा उपस्थित थे।

### ड्रग्स कारोबार में शामिल बाप-बेटा गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रांची के चुटिया इलाके से दो ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार किया गया है। दोनों गिरफ्तार ड्रग्स पैडलर्स रिश्ते में बाप बेटे लगते हैं। रांची पुलिस का नशे के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। ताजा मामला रांची के चुटिया थाना क्षेत्र का है। रांची एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी रमन, चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत और पुलिस टीम ने बाप और बेटे को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार तस्करों में 19 वर्षीय राधेश्याम साव और उसके पिता रामबाबू साव शामिल हैं। रांची के सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 16.5 ग्राम ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया है। तस्कर बाप-बेटे ने ड्रग्स के कारोबार के लिए हाइटेक तरीका अपना रखा था। सोशल मीडिया के जरिए दोनों अपना ग्राहक खोजने थे और फिर ऑनलाइन तरीके से पैसे प्राप्त कर ब्राउन शुगर की डिलीवरी किया करते थे। डीआइजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को दोनों के बारे में सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्होंने सिटी डीएसपी को दोनों को गिरफ्तार करने का टास्क दिया। दरअसल ये बाप-बेटे युवाओं को ड्रग्स की सप्लाई किया करते थे। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गयी थी उसी के बाद जाल बिछाकर बाप बेटे को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया।

# सरना कोड नहीं देने पर जनगणना कर्मियों को नहीं घुसने देंगे गांवों में



**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासियों के लिए अलग धर्म कॉलम की मांग और 2026 में होने वाले जनगणना की तैयारियों के संबंध में विधायक आवास क्लब हॉल, पुराना विधानसभा में शनिवार को एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में निर्णय लिया गया कि आदिवासी धर्म की मांग को लेकर सभी राज्यों में बैठक करके आंदोलन को धारदार बनाया जायेगा। साथ ही कहा गया कि आदिवासियों को धर्म कोड नहीं मिलेगा तो जनगणना करने वालों को गांव में घुसने नहीं दिया जासेगा। इसके अलावा सेमिनार में कहा गया कि जनगणना प्रपत्र में आदिवासी धर्म कॉलम को शामिल करने के लिए पूरे देश में जिला, प्रखंड और गांव स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। सेमिनार में निर्णय लिया गया कि देश भर के कई जिला और प्रखंड स्तर पर आदिवासी समुदाय का समन्वय समिति बनायी जायेगी। ताकि जनगणना प्रपत्र में आदिवासी धर्म कॉलम शामिल किया जा सके। सेमिनार में झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें मध्य प्रदेश से भुवन सिंह कोराम, मोतीराम उईके, संजू सैयाम, छत्तीसगढ़ से कंदर्प सिदार, ललिता देवी, राजेंद्र मरावी, मनोहर मरावी, पश्चिम बंगाल से मोतीलाल सोरेन, डॉ सूरज प्रसाद शाह, जीवन मुदी, छोटेलाल हांसदा, झारखंड से पूर्व मंत्री देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा, बुधवा उरांव, रजनीश उरांव, चन्दन होनहागा, दर्शन गंझू, सावना खड़िया, बाहा लिंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

### आजसू की पहल

# शुरू हुआ होम्योपैथिक चिकित्सकों का पंजीकरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, परसपानी, गोड्डा के छात्रों का पंजीकरण नहीं किया जा रहा था। बीएचएमएस की डिग्री और इंटर्नशिप पूरा करने के बाद भी आयुष चिकित्सकों का पंजीकरण नहीं हो पा रहा था। चिकित्सक कॉलेज, विश्वविद्यालय और रजिस्ट्रार के कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान थे। चिकित्सकों ने इसकी शिकायत आजसू के नेता और हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता से की। संजय ने मामले की जानकारी प्राप्त करते हुए समस्या से आयुष मंत्रालय भारत सरकार को अवगत कराया। छात्रों ने संजय मेहता को बताया कि वे पंजीकरण की सभी अर्हता को पूर्ण करते हैं। पंजीकरण नहीं होने से वे न तो वे प्रैक्टिस कर पा रहे हैं और न ही नियुक्ति प्रक्रिया में आवेदन कर पा रहे हैं। संजय मेहता की ओर से आयुष मंत्रालय को पत्र लिखने के बाद मंत्रालय ने आवेदन को होम्योपैथिक आचार और पंजीकरण बोर्ड, राष्ट्रीय होम्योपैथिक आयोग को भेज दिया। आयोग ने कार्रवाई करते हुए झारखंड सरकार को पत्र लिखा। संजय मेहता के इस शिकायत का व्यापक असर हुआ। राष्ट्रीय होम्योपैथिक आयोग ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर चिकित्सकों के समस्या के समाधान के लिए कहा। इसके बाद स्वयं झारखंड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार ने चिकित्सकों को फोन कर कहा है कि आप सभी चिकित्सकों का पंजीकरण कर दिया जायेगा। संजय मेहता ने रजिस्ट्रार से वार्ता कर इस समस्या का समाधान जल्द करने को कहा। रजिस्ट्रार ने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जल्द ही चिकित्सकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जायेगा। समस्या का समाधान होने पर शनिवार को चिकित्सकों ने संजय मेहता के प्रति आभार जताया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

**ई—निविदा सूचना सं. एस. जी. 664—05— संकेत— 2025—26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं०—(1) कार्य का नाम — सिग्नलिंग कार्य इंजीनियरिंग से सबंधित 2024— 25 में स्वीकिरित मुख्य अनुमान संखा 06, 05, 38, 34, 37, 11, 09, 08, 14, 10, 29, 30, 03, 12, 13, 35, 36, 17, 16, 15, 32, 33 और 18/टीआर/डीएचएन एवं सिग्नलिंग अनुमान संखा 2024— 25 की संख्या 39, 36, 118, 110, 109, 37, 50, 49, 64, 51, 119, 120, 32, 62, 35, 117, 116, 72, 56, 63, 111, 112और 74/एस एं ड टी/डीएचएन के अन्तर्गत टीएसआर) पी(टीआरआर/एस, टीआरआर) पी (टीटीआर) एफएस स्लीपर (सीटीआर, टीबीएसआर, टीबीआर, टीएफआर, टीआरआर) एफएस+ सीएस+ सीएमएससी (टीबीआर ) टर्नआउट(सीटीआर) पी(टीटीआर) टीडब्ल्यूएस+ डब्ल्यूसीएमएससी हेतु। (2) कार्य का आकलित मुल्य : ₹ 4,50,41,860.57 (लगभग) (3) कार्य का अग्रधन राशि : ₹ 3,75,200.00 (4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 18.06.2025 (12:30 बजे)। (5)** ऐसी ई—निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई—निविदा के ई—निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई—निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता, धनबाद**
पीआर/0334/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/25-26/52



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 4066 date 19.05.2025, **I Anjali Shukla**, D/o. Bangtesh Shukla, Aged About -24 Years (Note belongs with Physically Handicapped and Disabled), belong to Nationality-Indian, by Faith Hindu, by Caste-Brahman. by Category-General by pass baliapur, Road, P.o- K.G Ashram P.S. Saraidhela, Distt. Dhanbad (Jharkhand), 828109 and Permanent Address-Bangtesh Shukla 88/9, Govt. Colony, Fej 2, P.S.I.E.L. Gomia, Sasbera (East), Jharkhand. P.O. IEL Gomia, P.S. IEL, Distt. Bokaro (Jharkhand), Pin-829112, having UIDAI/Aadhar No. 8585 1200 7108 and Mobile no. 7061431362, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-
1. That, my actual name is **ANJALI SHUKLA** as per my UIDAI/Aadhar Identity Educational Record and PAN. 2. That, in my S/B Account of Bank of India, Guridwara Road, Near Railway Station Gomia, Account Holder's name wrongly entered as Anjali Kumari in place of Anjali Shukla being S/B Account No.-48111051000 2636.
3. That, both the name i.e. Anjali Shukla and Anjali Kumari are the name of same and one person i.e. myself name. 4. 'That, for making correction of my name in my aforesaid S/B Account of Gurudwara Road, Near railway Station Gomia, such declaration required. 5. That, I am affixing my recent passport photo for my proper identification.
6. That, all the above statements are true and correct to the best of my knowledge nothing any concealed in it and if any found to be wrong in future then I am liable to penalize as per code of B.N.S. 2023. 7. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concern of Bank of India, Gurudwara road, Near Railway Station Gomia for making correction in the name of Account holder.

## सुरक्षा का प्रश्न

रक्षा परियोजनाओं में देरी पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह की चिंता और सवाल वाजिब हैं। दोतरफा मोर्चे पर जूझ रही सेना के आधुनिकीकरण में तेजी लाने की जरूरत है। इसके लिए केवल विदेशी सौदों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, मेक इन इंडिया प्रॉजेक्ट के तहत भी उत्पादन बढ़ाना होगा।

**हवाई मजबूती :** एयरफोर्स चीफ की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब भारत ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को हवाई क्षमता का प्रदर्शन कर ध्वस्त किया था। इसी टकराव ने यह भी दिखाया कि जंग में लड़ाकू विमानों की भूमिका कितनी अहम हो चुकी है।

**पाक-चीन दोस्ती :** भारत के सामने दो फ्रंट खुले हुए हैं- पाकिस्तान और चीन और चिंता की बात यह है कि जो चीन के पास है, वह किसी न किसी तरह पाकिस्तान के पास पहुंच ही जाता है। हालिया टकराव में ही उसने तुर्किये के ड्रोन और चीन के लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया। भारत के लिए ताजा रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है कि चीन अपने जे -35 स्टेल्थ फाइटर जेट भी पाकिस्तान को देने जा रहा है। सरकार ने 5वीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट के निर्माण को मंजूरी तो दी है, पर अगर उम्मीद पूरी हुई तो भी इनको बनने में 10 साल लग जायेंगे।

**भारतीय वायु सेना के पास 42.5 स्क्वाड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए, लेकिन हैं केवल 30। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अभी तक स्वदेशी तेजस मार्क - 1ए की डिलिवरी नहीं कर पाया है। इसकी वजह से वायु सेना की रक्षा तैयारियों पर असर पड़ रहा है।**

**विमानों की कमी :** भारतीय वायु सेना के पास 42.5 स्क्वाड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए, लेकिन हैं केवल 30। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अभी तक स्वदेशी तेजस मार्क - 1ए की डिलिवरी नहीं कर पाया है। इसकी वजह से वायु सेना की रक्षा तैयारियों पर असर पड़ रहा है। एयर चीफ पहले भी यह मुद्दा उठा चुके हैं।

**मेक इन इंडिया :** भारत ने हाल में 'मेक इन इंडिया' पर दम लगाया है। 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन इस प्रॉजेक्ट के तहत हुआ साथ ही देश ने 21 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का डिफेंस एक्सपोर्ट किया। 100 से अधिक मुल्कों ने भारत से रक्षा उपकरण और हथियार खरीदे हैं। एक दशक में करीब 30 गुना की तेजी आई है।

**तेजी की जरूरत :** भारत को आने वाले वक्त में अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। साथ ही, जिस तरह से चीन ने अपनी सेना का आधुनिकीकरण किया है, भारत को भी उस राह पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके लिए डिफेंस प्रॉडक्शन को फास्ट ट्रैक करने की जरूरत है। इसमें कोताही नहीं होनी चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रंप के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं। यह बहस का विषय है कि 2 देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह आपत्तिजनक है।**

# विश्व का 'चौधरी' बनने की कोशिश में हैं ट्रंप

राज कुमार सिंह



कभी जिन डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के चर्चे थे, आज उनकी संवादहीनता का असर अमरीका और भारत के रिश्तों पर साफ दिख रहा है। बेशक ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी अमेरिका गये। वहां दोनों में बात भी हुई। संभव है, पहलगाम हमले के बाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच भी दोनों में बात हुई हो, लेकिन ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भारत के प्रति अमेरिका का व्यवहार एकदम बदला हुआ दिख रहा है।

भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रंप के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं। यह बहस का विषय है कि 2 देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इंकार के जगजाहिर स्टैंड के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा।

**भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमेरिका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिये जाते रहे हैं।**

**समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रंप की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमेरिका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।**

अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं। रूस-यूक्रेन तथा इसराइल-गाजा युद्ध में चली नहीं तो भारत-पाक में ही जबरन चौधराहट सही। लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नजरअंदाज नहीं किये जा सकते। बेशक अतीत में भी अमेरिका अक्सर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया है, लेकिन पिछले 3 दशक में उसके रिश्ते भारत से भी बेहतर हुए हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भी बहुत पहले अमेरिका-भारत परमाणु संधि उसका बड़ा प्रमाण है। फिर क्यों ट्रंप का अमेरिका, मित्र भारत की हर मोर्चे पर घेराबंदी करने में जुटा है? बात शुरू से शुरू करते हैं। ट्रंप ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति तक को अपने शपथ ग्रहण का निमंत्रण भेजा, पर मोदी को नहीं। माना कि 4 साल बाद सत्ता में ट्रंप की वापसी में उनके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने और अमेरिका को फिर महान बनाने के चुनावी वायदों की बड़ी भूमिका रही, पर क्या उसके लिए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में भेजना जरूरी था?

अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के साथ तो ट्रंप ने ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। अमेरिका और भारत, 2 बड़े कारोबारी सांझेदार हैं। फिर भी उन्होंने भारत को ऊंची टैरिफ लगाने का आदी बताते हुए कटाक्ष किया। 2 देशों के बीच टैरिफ का मामला बातचीत की मेज पर तय होता है, लेकिन ट्रंप ने भारत समेत अनेक देशों के विरुद्ध जैसे 'टैरिफ वॉर' ही छेड़ दी, जिसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। अंततः बातचीत की मेज पर ही आना पड़ा। अगर अमेरिका का चीन से टैरिफ समझौता हो गया है, तो भारत से भी हो ही जायेगा, लेकिन ट्रंप बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर एक-एक कर भारत से निर्माण समेटने का दबाव बना रहे हैं। यह निश्चय ही अमेरिका को पुनः महान बनाने से ज्यादा भारत को निशाना बनाने की कवायद है।

ट्रंप ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कम्पनियों पर भी भारत की बजाय अमेरिका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं। यह मित्र देश का व्यवहार हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल-जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब अमेरिका ने उसे 'ग्लोबल टैरोरिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन रियाद में ट्रंप उसके साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आये। सीरिया पर लगाये गये प्रतिबंध हटाये जाने की भी खबरें हैं।

समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रंप की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमेरिका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। अब वापस भारत के प्रति अमेरिकी व्यवहार पर लौटते हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद की सबसे बड़ी नर्सरी है, यह बात अमरीका अच्छी तरह जानता है। आखिर अमेरिका पर 9/11 के आतंकी हमलों का मुख्य षड्यंत्रकारी अलकायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मारा गया था।

भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमेरिका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिये जाते रहे हैं। इसके बावजूद हालिया सैन्य टकराव में व्यापार बंद करने की धमकी दे कर संघर्ष विराम कराने का दावा करते हुए ट्रंप ने जिस भारत और पाकिस्तान तथा उनके नेतृत्व को समान रूप से 'महान' बताया, वह कूटनीतिक मर्यादा और प्राकृतिक न्याय, दोनों के विपरीत है। उधर पाकिस्तान की खनिज सम्पदा के दोहन के लिए भी अमेरिका लगातार प्रयासरत है। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मुकाबले आतंकवादी देश पाकिस्तान पर मेहरबानी के कारण समझने के बावजूद मित्रता खुशफहमी हमारी समझदारी नहीं। ट्रंप की अवसरवादी कूटनीति से सही सबक लेकर भारत को भी अपनी रणनीतिक प्राथमिकताएं नये सिरे से तय करनी चाहिए।

## कोल्हान की खबरें

# नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज में डॉ एनके सिन्हा को दी गयी विदाई

**डॉक्टर एनके सिन्हा आगामी दो महीने के बाद संस्थान में एकेडमिक डायरेक्टर के रूप में पुनः अपनी सेवाएं देंगे : चेयरमैन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में बीते कई वर्षों से सेवा दे रहे वरिष्ठ चिकित्सक सह वॉइस प्रिंसिपल डॉक्टर एनके सिन्हा के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेताजी ग्रुप के चेयरमैन मदन मोहन सिंह व उनके धर्मपत्नी विभा सिंह का विवाह वर्षगांठ भी मनाया गया। मौके पर उन्होंने डॉक्टर एनके सिन्हा के साथ केक काटा और उन्हें अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा डॉक्टर सिन्हा अभिभावक के तौर पर थे। मरीजों के प्रति उनका सेवा भाव अन्य चिकित्सकों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने जीवन में संघर्ष और दृढ़ इच्छा शक्ति के महत्व पर जोर दिया। इन्हीं गुणों के बल पर उनके जीवन में सफलता संभव हुई। मौके पर मदन मोहन सिंह ने अपनी पत्नी को शादी की सालगिरह के लिए शुभकामनाएं देते हुए कुछ यादगार पलों को साझा किया। सेवानिवृत्त हो रहे डॉक्टर एनके सिन्हा इस भावुक क्षण में स्नेह और सम्मान से अभिभूत हो गये। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा वे इन पलों को जीवनभर याद रखेंगे। मौके पर ग्रुप के चेयरमैन ने कहा डॉक्टर एनके सिन्हा आगामी दो माह के बाद संस्थान में एकेडमिक डायरेक्टर के रूप में पुनः अपनी सेवाएं देंगे। विदाई समारोह में अस्पताल के सीनियर डॉक्टर, अन्य चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, शिक्षक, छात्र और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ देकर डॉक्टर सिन्हा को सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# जनप्रतिनिधि के साथ पुलीसिया दुर्व्यव्हार लोकतंत्र की हत्या : आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिँह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा घाटशीला क्षेत्र के नेता व सबके दुखसुख मे बढ़चढ़ कर साथ खडे रहने वाले जिला परिसद सदस्य कर्ण सिंह की नाटकीय ढंग से की गई गिरफ्तारी और बगैर जांच के उसे उसके सहयोगी संग जेल भेजना निंदनीय है। उन्होंने कहा इससे यह प्रतीत होता हैं इस राज्य की पुलिस अब राजनितिक दबाव मे खासकर सत्तारुढ दल के बड़े और ओहदे वाले नेताओ के बहकावे मे कार्य कर रही हैं। जो लोकतंत्र की हत्या हैं। कन्हैया सिंह ने कहा, लोकतंत्र मे पुलिस का कार्य निष्पक्ष जांच कर दोषिओ पर कार्रवाई करना हैं। जो दिखाई नहीं पड़ता हैं। खास कर वैसे पुलिस अधिकारियो को ध्यान देना चाहिए सत्ता आती हैं और जाती हैं लेकिन सत्ता के आगोश मे बैठ कर राजनेताओं को खुश करने के लिए समाजिक लड़ाई लड़ने वाले ईमानदार छवि के जनप्रतिनिधि को जेल भेजना जिला पुलिस और इस लौहनगरी के लिए काला अध्याय है। उन्होंने कहा एसएसपी को इस मामले मे संज्ञान में लेकर घाटशीला के जनप्रतिनिधि कर्ण सिँह को रिहा करना चाहिए। इस मामले मे सुचना प्राप्त हुई की दोनों पक्ष समझौता करने वाले ही थे कि पुलिस ने अपने निजी खुन्नन्स मे कर्ण सिंह जैसे सामाजिक व्यक्ति को जेल भेजनें का कार्य किया। शिकायतकर्ता द्वारा जबरन 164 का बयान भी न्यायलय मे दर्ज कराई गई। इन सारे घटनाओ से राज्य के पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। कन्हैया सिंह ने कहा जल्द ही कर्ण सिंह जैसे समाजिक कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि की रिहाई नहीं हुई, तो आजसू पार्टी कड़े एक्शन लेने को तैयार हैं।

# एमबीएनएस में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** एमबीएनएस समूह ऑफ इंस्टीट्यूशंस असनबानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता चांडिल थाना प्रभारी दिलसन बिरुआ शामिल हुए। उन्होंने अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए तंबाकू से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। थाना प्रभारी दिलसन बिरुआ ने युवाओं से अपील की वे तंबाकू जैसे हानिकारक पदार्थों से दूर रहें और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक सिंह ने की। संस्थान की निदेशिका अनुपा सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्रों और संकाय सदस्यों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा तंबाकू एक धीमा जहर है, जिससे केवल बचाव ही समाधान है। इस अवसर पर छात्रों ने कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर अपने विचार साझा किए। मौके पर अनुपा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

एनएसएस इकाई के इस प्रयास की सराहना करते हुए संस्था ने भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# आपदा लचीलापन और स्थिरता विषय पर सेमिनार का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिविल डिफेंस जमशेदपुर ने रोटरी क्लब जमशेदपुर मिडटाउन, जिला आपदा प्रबंधन विभाग एवं एलबीएम कॉलेज के सहयोग से आपदा लचीलापन और स्थिरता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। यह कार्यक्रम लाइटनिंग रेजिलिएंट इंडिया कैंपेन के तहत आयोजित किया गया। जिसे भारत सरकार के एनडीएमए, आइएमडी और सीआरओपीसी का समर्थन प्राप्त है। सेमिनार का उद्घाटन डीडीसी अनिकेत सचन, कर्नल प्रो संजय श्रीवास्तव, रोटरी क्लब की अध्यक्ष प्रीति सैनी, सिविल डिफेंस के मुख्य वार्डन अरुण कुमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य वक्ताओं ने वज्रपात से सुरक्षा, आपदा प्रबंधन में तकनीक की भूमिका और सरकारी प्रयासों की जानकारी दी। दामिनी ऐप, साचेत ऐप और 112 इमरजेंसी नंबर की उपयोगिता पर भी चर्चा हुई। गोताखोर मजहुल वारी और जितेंद्र तिवारी द्वारा आपात स्थितियों में बचाव तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का समापन उप-मुख्य वार्डन दया शंकर मिश्रा द्वारा व्यावहारिक सुरक्षा सुझावों और डेमो के साथ हुआ। इस अवसर पर 1200 से अधिक छात्र, एनजीओ प्रतिनिधि, एनसीसी कैडेट्स, रोटेरियन, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## रॉबिन हुड आर्मी और गीता थियेटर के समर कैंप का हुआ समापन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर और गीता थियेटर द्वारा कुष्ठ प्रभावित बच्चों के लिए आयोजित विशेष समर कैंप का समापन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार और पूर्व विधायक कुणाल सारंगी उपस्थित रहे।समारोह में बच्चों ने नृत्य, गायन एवं सड़क सुरक्षा जैसे सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत की।अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से सराहना की और आयोजकों को इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद दिया। दिनेश कुमार ने बच्चों के साथ एक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा। वहीं कुणाल सारंगी ने नशा मुक्ति अभियान पर जागरूकता फैलाते हुए युवाओं से सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रॉबिन हुड आर्मी, गीता थियेटर, लियो क्लब और हिंद क्लब के स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।मौके पर अरुण ठाकुर, प्रेम दीक्षित, सुष्मिता, बरनाली समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरायकेला में छापामारी 25 अपराधी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में अपराध नियंत्रण और आरोपियों पर निगरानी के उद्देश्य से एसपी मुकेश कुमार लुनायत के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में कुल 167 पुलिसकर्मियों की 24 टीमों ने हिस्सा लिया और जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 100 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। एएहि एसपी स्वयं पूरे अभियान के दौरान क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कार्रवाई की निगरानी करते रहे। छापेमारी के दौरान 25 वांछित अपराधी और वारंटी गिरफ्तार किये गये। साथ ही 109 आरोपपत्रित अपराधियों का सत्यापन भी किया गया।

सत्यापन किये गये अपराधियों में 39 आर्म्स एक्ट, 31 एनडीपीएस एक्ट, 5 हत्या, 4 उत्पाद अधिनियम, 26 संपत्तिमूलक अपराध और 4 नक्सल मामलों से जुड़े अपराधी शामिल हैं। यह अभियान चांडिल व सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, अंचल निरीक्षकों की सक्रिय भागीदारी के साथ संचालित किया गया। पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## अनुमंडल कार्यालय में तंबाकू सेवन नहीं करने की सामूहिक शपथ

# 'जिंदगी को चुनें, तंबाकू को नहीं' : एसडीएम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सदर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शनिवार को सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों और समाजसेवियों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी। साथ ही तंबाकू उत्पादों से दूरी बनाने को अपने अंदाज में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिंदगी को चुनें, तंबाकू को नहीं। उन्होंने सभी से कहा कि यदि गलत संगत में आकर या लंबी आदत के चलते यदि कोई तंबाकू का सेवन नहीं छोड़ पा रहा है तो इसके लिए जिला स्तर पर एक कोषांग गठित है, सदर अस्पताल में संबंधित विशेषज्ञों से संपर्क कर वे काउंसलिंग सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कर्मचारियों और पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए, कहा कि वे अपने जीवन में कभी भी किसी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे साथ ही अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे। दूसरों को भी तंबाकू सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करने, तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करने की भी शपथ दिलायी गयी। इस दौरान अनुमंडल कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद थे।

## एसडीएम ने फावड़ा चलाकर मुसहर परिवार के आवास की नींव रखी

**दो दिन पहले बाना के मुसहर टोला में एसडीएम ने किया था भ्रमण**



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने दो दिन पूर्व मेराल प्रखंड के बाना गांव स्थित मुसहर टोली पहुंच कर वहां रह रहे मुसहर परिवारों के जीवन स्तर से जुड़ी न्यूनतम आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली थी। उन्हें यहां मौके पर तीन परिवार ही अस्थायी झोपड़ियां बनाकर रहते हुये मिले थे। मौके पर ज्ञात हुआ था कि मुसहर परिवारों की जमीनों पर स्थानीय अनुसूचित जाति के कुछ परिवारों ने अवैध दखल कब्जा कर उस पर या तो घर बना लिए हैं या जोत कोड़ कर रहे हैं। अवैध कब्जा होने के बावजूद भी अभी लगभग एक एकड़ से अधिक भूमि खाली पड़ी है, जिस पर भविष्य में अवैध कब्जा ना हो इसको लेकर न केवल अंचल अधिकारी मेराल यशवंत नायक को अनुमंडल पदाधिकारी ने आवश्यक कदम उठाने हेतु कहा, साथ ही बीडीओ को निर्देश दिया था कि जो खाली जमीन है उस पर मुसहर परिवारों के लिए अविलंब आवास बनाकर दें। एसडीएम के निर्देश पर यहां के रामस्वरूप मुसहर तथा मनोज मुसहर के परिवार के लिए आवास बनवाने के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर बीडीओ मेराल ने मौके पर पहुंचकर आवास निर्माण के लिए ले आउट करवाया। उन्हें निर्देशित किया गया था कि वे अपनी निगरानी में समन्वयात्मक सहयोग से इन दोनों मुसहर परिवारों के आवासों का निर्माण शुरू करवाना सुनिश्चित करेंगे। फलस्वरूप शनिवार को निर्माण कार्य की आधारशिला रख दी गयी। एसडीएम ने खुद अपने हाथों से फावड़ा चलाकर नींव खुदाई आरंभ करवाई इस दौरान उन्होंने लाभुकों के परिजनों तथा स्थानीय ग्रामीणों का मुंह मीठा भी करवाया।

## अलका प्रथम, वंदना दूसरे और दीक्षा तीसरे स्थान के साथ बनीं प्रखंड टॉपर





आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय का परीक्षा फल जारी किया गया। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बीरबल स्कूल की छात्रा अलका कुमारी, पिता रामलला मिश्रा ग्राम बलिया ने कुल 500 में 415 अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बनी। वहीं वंदना कुमारी पिता- उदेश कुशवाहा और दीक्षा कुमारी पिता- संजय यादव ग्राम- चैनपुर ने क्रमशः 403 और 400 नंबर प्राप्त कर प्रखंड में दूसरे और तीसरे स्थान में रहीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रत्यूष दुबे ने बताया कि विद्यालय में विज्ञान संकाय में कुल 56 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया जिसमें 42 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मात्र 9 बच्चें द्वितीय श्रेणी से और तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या शून्य है। नगर ऊंटारी अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस प्लस +2 विद्यालय में जहाँ ट्यूशन, कोचिंग आदि की कोई सुविधा नहीं है विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट 100% होता है पर कुछ बच्चे बार-बार समझाने के बावजूद भी अपने व्यक्तिगत कारण से रेगुलर स्कूल आने में असमर्थ रहे। हालांकि इन्हें नियमित रूप से स्कूल लाने के लिए विद्यालय स्तर पर कई तरह के प्रयास भी किए जाते रहे हैं। इस परीक्षा परिणाम को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों अभिभावकों को एवं जागरूक लोगों से आग्रह किया जाता है कि इसी तरह के अच्छे परिणाम के लिए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रोत्साहित करें।

## आरके +2 हाई स्कूल भवनाथपुर की ज्योति शुक्ला बनीं प्रखंड टॉपर



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड अधिविद्य परिषद ने इंटरमीडिएट (विज्ञान वर्ग) परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है जिसमें रा. कृत + 2 उच्च विद्यालय भवनाथपुर से कुल 236 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 167 छात्र सफल घोषित किये गये हैं। विद्यालय का कुल पास प्रतिशत 71.36% रहा। इस बार की प्रखंड टॉपर बनीं ज्योति शुक्ला, जिन्होंने 500 में से 445 अंक (89%) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आदित्य नंदन ने 417 अंक (83.40%) के साथ हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान रामू कुमार पाल ने 408 अंक (81.60%) के साथ पाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह संयुक्त परिणाम है। उन्होंने आगामी वर्षों में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जतायी। इंटरमीडिएट (विज्ञान वर्ग) मे ज्योति शुक्ला प्रखंड टॉपर बनी। ज्योति शुक्ला घनश्याम शुक्ला और अर्चना शुक्ला की दूसरी पुत्री है। ज्योति शुक्ला ने कहा कि वह आगे यूपीएससी का तैयारी कर आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उसने सफलता श्रेय माता-पिता विद्यालय के शिक्षक को बताया।

## आरकेवीएस महाविद्यालय में पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शनिवार को आरकेवीएस बीएड कॉलेज गढ़वा में शनिवार को बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा एक भव्य 'पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके प्रस्तुतीकरण कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के निदेशक सह समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के साथ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। श्री पांडेय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों से छात्रों की अभिव्यक्तिपरक क्षमता का विकास होता है। साथ ही वे समाज में व्याप्त समस्याओं के प्रति संवेदनशील और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग बनते हैं।

## जागरूकता कार्यक्रम, तंबाकू का सेवन नहीं करने का शपथ ली

# तंबाकू मीठा जहर है जो जिंदगी बर्बाद करती है : डॉ शशांक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर लातदाग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषक क्षेत्र के कई गांव से बड़ी संख्या में पहुंचें महिला, पुरुष तथा बच्चों को डॉ शशांक कुमार द्वारा तंबाकू से बचाव के लिए जागरूक किया गया साथ ही लोगों को तंबाकू से दूरी बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शशांक ने कहा कि तंबाकू मीठा जहर की तरह है जो किसी की भी जिंदगी को बर्बाद कर देता है। तंबाकू से कैंसर जैसा गंभीर और ला इलाज बीमारियां होती है। इसकी चपेट में आने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार देखते ही देखते बर्बाद हो जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित गोंदा के पूर्व मुखिया और भाजपा नेता प्रकाश कुमार अरुण, बीडीसी कृष्णदेव प्रजापति, विकास दुबे आदि ने भी तंबाकू के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए लोगों को इससे बचने की सलाह दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य सहिया पूनम देवी, कविता देवी के साथ भोपाल सिंह, भवर साह, अमरावती देवी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।




## जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

**शगुफ्ता नाज ने विज्ञान विषय में 85 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनीं**





आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई (गढ़वा)।** झारखंड अधिविद्य परिषद के द्वारा शनिवार को इंटरमीडिएट विज्ञान विषय का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विद्यालय के कुल 22 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। जिनमें से 20 छात्र व छात्र व छात्राओं को सफल घोषित किया गया। विद्यालय की छात्रा शगुफ्ता नाज ने विज्ञान विषय में 85 प्रतिशत अंक लाकिर विद्यालय टॉपर बनी तो हर्षिता केसरी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं सुप्रिया कुमारी ने 76.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस बार मैट्रिक की परीक्षा हो या इंटर की बेटियां ही अपना प्रचंड लहराया है। इंटर विज्ञान विषय की परीक्षा में भी बेटियों ने लोहा मनाया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य अमिताभ कुमार ने बताया कि इस वर्ष विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल 22 छात्र व छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें 20 परीक्षार्थी परीक्षा में सफल हुए है।

## दस दिवसीय वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं आर्ट ऑफ गिविंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी तथा सह प्रशिक्षक की भूमिका रमाशंकर सिंह ने निभायी। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा वॉलीबॉल के तकनीकी पहलुओं को सीखा। इस प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक जी, बास्केटबॉल के सचिव किशोर कुणाल जी तथा युवा नेता सन्नी चंद्रवंशी जी की गरिमामई उपस्थिति रही। इस अवसर पर वालीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, वरिष्ठ खिलाड़ी अंशु दुबे, समर रजा सहित काफी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थित रही।

## तंबाकू जानलेवा, नहीं करें सेवन : डॉ असजद



रंका (आजाद सिपाही)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रंका अनुमंडल मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (रेफरल) में मरिजों और अन्य उपस्थित लोगों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। साथ ही डॉ गोरखनाथ पांडेय के द्वारा तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने कहा कि तंबाकू जैसे-खैनी, बिड़ी, सिगरेट, जर्दा, गुटखा आदि सभी प्रकार के तंबाकू जानलेवा है। तंबाकू का सेवन नहीं करें। इस मौके पर अनिल राम, डॉ इस्तेयाक, नर्स, सहिया आदि स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## एसडीएम ने स्टांप वेंडर्स के साथ की बैठक, दिये जरूरी निर्देश

**स्टांप उपलब्धता सुचारू रखने तथा अधिक दाम पर नहीं बेचने का निर्देश**

**स्टांप वेंडिंग के लिए मिली दुकानों को लगा दिया है किराए पर, कराई जायेंगी खाली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला मुख्यालय के स्टांप वेंडर्स के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने स्टांप उपलब्धता, मुद्रांक से अधिक राशि लेने तथा स्टांप की छद्म कमी जैसे मुद्दों को लेकर आवश्यक चर्चा की तथा कई जरूरी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में जिले के अधिवक्ताओं ने स्टांप उपलब्धता की समस्या पर आवश्यक कदम उठाने हेतु एसडीएम से अनुरोध किया था। उसी क्रम में शनिवार को संजय कुमार ने जिले के स्टांप वेंडर्स को अपने यहां बैठक में बुलाया था। इस बैठक में सिर्फ चार स्टांप विक्रेता ही शामिल हुए, जबकि जिले में 10 से अधिक स्टांप वेंडर्स को अनुज्ञप्ति मिली हुई है। इस अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर जानकारी प्रकाश में आई कि सिर्फ चार लोग ही वर्तमान में स्टांप बेचने का काम कर रहे हैं, बाकी लोग स्टांप बेचने के काम को छोड़ चुके हैं। विधि शाखा से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2010 के बाद किसी को स्टांप वेंडिंग का लाइसेंस नहीं दिया गया है, इसलिए वही लोग अभी भी स्टांप बेचते चले जा रहे हैं जो पहले से अनुज्ञप्ति धारक हैं। बैठक में स्टांप विक्रेताओं ने अनुमंडल पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि वे स्टांप की मुद्रित राशि से अधिक राशि नहीं लेते हैं, साथ ही उन्होंने दावा किया कि अगर इस बात की शिकायत मिली हो कि अधिक राशि पर स्टांप बेचे जा रहे हैं तो यह बात बिल्कुल निराधार है।

## प्रोत्साहन राशि के भुगतान नहीं होने पर कांडी के किसान मित्र अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सभी किसान मित्र सरकार द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान नहीं होने से आक्रोशित हैं। इसी को लेकर 31 मई से सभी किसान मित्र अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। शनिवार को किसान मित्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अंचलाधिकारी राकेश सहाय को एक आवेदन पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वर्ष 2024-25 की प्रोत्साहन राशि अब तक भुगतान नहीं की गयी है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी है। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन प्रदेश समिति के दिशानिर्देशों के तहत किया जा रहा है और जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, वे कार्य पर वापस नहीं लौटेंगे। आवेदन सौंपने वालों में प्रखंड अध्यक्ष भोला मेहता, सुनील कुमार, इमामुद्दीन खान, राकेश कुमार, नीरज कुमार द्विवेदी, संदीप कुमार ठाकुर, राजीव कुमार सहित कई किसान मित्र शामिल थे। किसान मित्रों का कहना है कि वे किसानों और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करते हैं, लेकिन समय पर प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से उनका मनोबल टूट रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की है।

## पाल महासभा ने अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर गढ़वा जिला पाल महासभा के द्वारा चिनिया मोड, नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय नगर भवन के समीप स्थापित अहिल्याबाई होलकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पाल महासभा के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर भारतीय संस्कृति की महान संरक्षक थीं। उन्होंने अपने कार्यकाल में विपरीत परिस्थितियों के बीच नारियों के उत्थान, गरीबों का कल्याण एवं लोकहित के अनेक कार्य किया। युवा समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का व्यक्तित्व समग्र भारतीय समाज के लिए अनुकरणीय है। माल्यार्पण के दौरान राजमाता अहिल्याबाई होलकर अमर रहे और भारत माता जय की जय कारों से परिसर गूंज मान्य रहा। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल, युवा समाजसेवी राकेश पाल, रमेश पाल, सुमित कुमार पाल, सुखबीर पाल, बुधन पाल समेत विभिन्न गांव से सैकड़ों की संख्या में पाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

## साइकिल रैली का आयोजन आज प्रातः सात बजे से

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा फिट इंडिया स्कीम के तहत संडे ऑन साइकिल राइड के लिए पूरे देश में अभियान शुरू किया गया है। जिसके निमित्त साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पूरे देश में विश्व साइकिल दिवस सेलिब्रेशन पखवाड़ा के अंतर्गत सभी राज्य संघ को उक्त आयोजन हेतु निर्देशित किया है। 1 जून को प्रातः 7:00 बजे सुबह, स्थान: बाजार समिति मझिआंव रोड से टाउन हॉल के मैदान तक साइकिल रैली का आयोजन किया जायेगा। खेल संघ के खिलाड़ी और पदाधिकारी एवं गढ़वा जिला प्रशासन के सभी वरीय पदाधिकारी को शामिल होने की अपील की गयी है।

# कार्यकर्ताओं से बना संगठन सर्वोपरि है : केशव महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश गढ़वा पहुंचे। उन्होंने जिला पदाधिकारियों, जिला पर्यवेक्षक और प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक के साथ गढ़वा परिसदन भवन सभागार में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। 2025 का वर्ष संगठन का वर्ष है। हम चाहते हैं कि हमारा जिला, प्रखंड,पंचायत, मंडल, बूथ स्तर तक मजबूत हो। ताकि आने वाले समय में हमें किसी तरह की कठिनाई न हो। प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा ने कहा कि जिला से लेकर बूथ स्तर तक कांग्रेस का संगठन को ओर धारदार बनायेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रखंड पर्यवेक्षकों टास्क दिया गया है कि वो जल्द से जल्द अपने प्रभार क्षेत्र में जा कर प्रखंड अध्यक्ष से मिलकर कमिटी बना कर जिला कार्यालय में सौंपे। गोरखा के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सबको एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना होगा। मौके पर जिला पर्यवेक्षक सत्यनारायण सिंह, संजय सिंह खरवार,दिवाकर शुक्ला,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नाथ तिवारी, उदय नारायण तिवारी, अलख निरंजन चौबे, एससी सेल के अध्यक्ष मानिक राम, आशिक अंसारी, श्रीकांत तिवारी, राम करेश चौबे, राम बृक्ष यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष खुर्शीद आलम, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, नासिर इकबाल खान, प्रभात दुबे, ओम प्रकाश चौबे, उदय राम, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोसाहिद हुसैन, जवाहर राम, आशिफ खान, बजेंद्र चौधरी, मेराज आलम, नूतन, जमशेद, संजय, कुश सिंह इत्यादि मौजूद थे।

## झामुमो ने मनायी अहिल्याबाई होलकर की जयंती



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ताओं ने समाज सुधारिका और जननायिका अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया। यह अवसर केवल एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी का भी प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल स्थित अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थल पर किया गया, जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला कमिटी ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शभु राम ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि झारखंड राज्य में अहिल्याबाई होलकर की पहली प्रतिमा गढ़वा जिले में स्थापित की गयी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के बेटे और पूर्व के विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधायक बनने के बाद इस दिशा में गंभीर प्रयास किए और कई महापुरुषों की मूर्तियों की स्थापना करवाई, जिनमें अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा भी शामिल है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 जून, 2025
www.azadsipahi.in
08

# 12वीं परीक्षा में विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

## इंटर कॉलेज तिरुलडीह के सरिता कॉमर्स और आयुष बने साइंस में कॉलेज टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में स्थित इंटर कॉलेज तिरुलडीह के छात्रा सरिता बास्के ने इंटर परीक्षा 2025 में 414 अंक लाकर कॉलेज टॉपर के साथ सरायकेला जिले में टॉप टेन में स्थान प्राप्त किए है। वही विज्ञान संकाय में आयुष सिंह ने 419 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बना है। सरिता बास्के आदित्यपुर थाना अंतर्गत कोलूडीह गांव के निवासी है। उनका पिता का नाम स्व. छुटु बास्के तथा माता सोमबारी बास्के गृहणी है। वही छात्रा सरिता बास्के एवं छात्र आयुष सिंह ने बताया कि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिकाओं तथा माता पिता को देते है। वही कॉलेज के प्राचार्य उपेन चंद्र महतो ने बताया कि इस वर्ष की इंटर कॉमर्स और विज्ञान संकाय की परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी विधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पीपीके कॉलेज बुंडू का शानदार प्रदर्शन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पीपीके कॉलेज, बुंडू के छात्र श्लोक भगत ने वर्ष 2025 की इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में 85.8% अंक अर्जित कर कॉलेज टॉपर बने। सीमित संसाधनों में पढ़ाई करते हुए उन्होंने कभी परिस्थितियों को बाधा नहीं बनने दिया। सच्ची लगन और सही मार्गदर्शन हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उनकी माता संध्या भगत, जिन्होंने हर चुनौती में भावनात्मक और नैतिक संबल दिया।

पंच परगना किसान महाविद्यालय से 74.4 अंक के साथ दूसरा स्थान पर अमित कुमार पुरान, तीसरे पर 72.4 अंक प्रफुल्य महतो, चौथे पर सौरभ कुमार 69.8 अंक और पांचवें पर रिमझिम कुमारी रही जिसका 67.8 प्रतिशत अंक रहा।

## जैक बोर्ड 12वीं कॉमर्स में धरम दयाल इंटर कॉलेज के सभी विद्यार्थी सफल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जैक बोर्ड कॉमर्स 12वीं की परीक्षा में धरम दयाल इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बेहतरीन सफलता प्राप्त की है। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य ग्लोरिया मुंडरी ने कहा कि यह बच्चों की कठिन मेहनत का परिणाम है। महाविद्यालय के होनहार विद्यार्थी अभिषेक भेंगरा ने 80.8 फीसदी अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर रहा। महाविद्यालय की दीपा कुमारी एवं जीत स्वांसी ने भी बेहतर अंक प्राप्त कर कॉलेज का मान बढ़ाया। छात्र-दात्राओं की इससफलता पर कॉलेज के निदेशक दीपक दयाल साहू ने बधाई दी और कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत, दृढ़ निश्चय और समर्पण का प्रतिफल है। साथ ही महाविद्यालय के अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, निरंतर प्रेरणा और समर्पित शिक्षण पद्धति ने इस उपलब्धि को संभव बनाया।

## तंबाकू का सेवन जहर खाने के समान है: अपर्णा कुजूर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में तपकारा साप्ताहिक हाट में तंबाकू निषेध अधिनियम के तहत में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीएलएसए राजश्री अपर्णा कूजूर ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू उपयोग में लाना प्रत्येक मनुष्य के लिए जहर खाने के बराबर है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस कैंसर और वातस्फीति रोग का एक प्रमुख कारण है। तम्बाकू के सेवन से श्वसन संकट, श्वसन अल्सर और गर्भावस्था संबंधी समस्याएं भी होती हैं। गर्भावस्था में धूम्रपान का प्रतिकूल प्रभाव जन्म के समय कम वजन से लेकर सहज गर्भपात, समय से पहले जन्म, मृत जन्म और नवजात मृत्यु की घटनाओं में वृद्धि होती हैं। कार्यक्रम में तपकरा थाना प्रभारी, पीएलबी, सनिका स्वांसी, देवगी धान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## कांग्रेस नेताओं ने डीसी और एसपी को दी शुभकामनाएं



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को जिले की नई उपयुक्त आर रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दी। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुशील संगा, जिला महासचिव सयूम अंसारी, सेवा दल अध्यक्ष नरेश तिर्की, जिला सचिव साबिर अंसारी, आलोक रितेश डुंगडुंग, अमित नाग, जीत वाहन महतो, सनातन सिंह, डेविड हमसोए आदि मौजूद थे।

## 5 जून को मैकलुस्कीगंज के बघमरी में गंगा दशहरा मेला

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज के बघमरी में 5 जून को गंगा दशहरा और दामोदर महोत्सव सह मेला का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जून को गंगादशहरा मेला का आयोजन बाधमरी नदी किनारे आयोजित किया जायेगा। मेला के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अनंत मुंडा को अध्यक्ष, राम लखन भगत उपाध्यक्ष, पंचम लोहरा सचिव, पंकज भगत उप सचिव, मनीष भगत कोषाध्यक्ष और हरदयाल टाना भगत उपकोषाध्यक्ष, वहीं संरक्षक के रूप में शिवनारायण लोहरा, राजू मुंडा, बासदेव भगत, नरेश भगत, बिनोद राणा, विशेश्वर मुंडा को बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बिनोद टाना भगत, श्याम गंझू, अवधेश टाना भगत, रोहित गंझू, सुरेंद्र भोगता, घनी टाना भगत का नाम शामिल है।

## विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विधायक सुदीप गुड़िया ने शनिवार को ओकड़ा पंचायत के कंड्योर गांव का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनकर निराकरण का भरोसा दिया। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए उहोंने कृषि को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों और संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया। तालाबों और नालों के पुनरुद्धार की आवश्यकता पर भी ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया गया, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। सभा के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी और उनके क्रियान्वयन में आ रही। समस्याओं का समाधान भी सुझाया गया। ग्रामीणों ने भरी विधायक के समक्ष खुलकर अपनी समस्याओं और आवश्कताओं को रखी। मौके पर ग्राम सभा अध्यक्ष निरल भेंगरा, सचिव सिलबेस्तर भेंगरा, सक्रिय सदस्य मरकुस भेंगरा, बेरकन भेंगरा, प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, ओकड़ा मुखिया बुधराम कंडुलना, बीस सूत्री सदस्य मुजीर अंसारी, नेलसन होरो आदि उपस्थित थे।

## पिपरवार में पांच कामगारों को दी गयी विदाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह और संचालन कार्मिक प्रबधंक अरूण कुमार महतो ने किया। इस कार्यक्रम में पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए पांच कोयला मजदूरों को विदाई दी गयी। सेवानिवृत होने वाले कामगारों में अशोक परियोजना के ऑफिस सुपरीटेंडेंट जयदेव विश्वकर्मा,जीएम यूनिट सिक्योरिटी विभाग के रविंद्र कुमार, पिपरवार यूनिट के इंद्रदेव प्रसाद, बचरा परियोजना के इलेक्ट्रीशियन जानकी महतो और जीएम यूनिट के ट्रामर रामचंद्र साव का नाम शामिल है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति सभी कामगारों को शॉल, श्रीफल, माला,सेवा प्रमाण पत्र,अंग वस्त्र और उपहार प्रदान कर विदाई दी गयी। इस मौके पर अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुन्दन कुमार,स्टॉफ ऑफिसर एक्सावेशन केआर भवन, स्टाफ ऑफिसर फाइनेंस अनिमेष ठाकुर सहित काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### पिपरवार के हफुआ में धूमधाम से की गयी शिव मंडा पूजा

## अंगारों पर चलकर भक्तों ने दिया आस्था का परिचय

आजाद सिपाही संवाददाता



फुलकुदीं मे आग के अंगारों पर चलते श्रद्धालु।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत स्थित हफुआ गांव में शिव मंडा पूजा धुमधाम के साथ संपन्न हुआ।मंडा पूजा के अवसर पर मेला और संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार शाम को विधिगत पूजा अर्चना के बाद फूलकुंदी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु दहकते हुए आग के अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया। पारंपरिक मान्यताओं और लोक परंपरा से जुड़ा यह आयोजन सामूहिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकजुटता का जीवंत उदाहरण बना। वहीं सुबह मे बनस झुलन में लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। पारंपरिक वाद्ययंत्रों और लोकगीतों के बीच श्रद्धालुओं ने धार्मिक रस्में निभायीं, जो पूजा की शुरूआत का प्रतीक मानी जाती है। वहीं फूलखुंदी के तुरंत बाद रात 11 बजे से नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रांची से आये मस्ताना ग्रुप ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये। श्रद्धालु नागपुरी धुनों पर देर रात तक थिरकते रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, मुखिया संगीता देवी, पंसस इन्ना कुमारी, पंसस सुनीता देवी, वार्ड सदस्य ललिता देवी समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। पूरे आयोजन के दौरान मेले का माहौल बना रहा। खिलौने, मिठाइयां, देसी सजावट की वस्तुएं और पारंपरिक वस्तुओं की दुकानों पर ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों से बुजुर्ग तक हर कोई उत्सव में डूबा रहा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मणिलाल महतो, गणेश महतो, देवनाथ महतो, चिंतामन महतो, राजेश महतो, जगदीश महतो, उमेश कुमार महतो, सत्येंद्र शर्मा, रामकुमार महतो, उपेंद्र महतो, जीतेंद्र महतो, मुकेश महतो, रूपलाल महतो, मनोज महतो सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

## विधायक ने कृषि मंत्री से तोरपा के विकास पर चर्चा की



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के झणमुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने शनिवार को राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की से मुलाकात की और तोरपो विधानसभा क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र को सशक्त बनाने की योजना पर विचार-विमर्श किया। विधायक सुदीप गुड़िया ने अपने क्षेत्र के किसानों की जरूरतों और समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया और उनके समाधान के लिए सुझाव भी दिए। उन्होंने कृषि योजनाओं के उचित क्रियान्वयन और नई तकनीकों के समावेश से किसानों की आय में वृद्धि करने पर जोर दिया। मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने विधायक की बातों को ध्यान से सुना और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया, ताकि किसानों की स्थिति में सुधार हो सके और कृषि क्षेत्र को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

## जिला शिक्षा अधीक्षक ने की पीएम पोषण योजना की समीक्षा, दिये दिशा-निर्देश



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ठ में शनिवार को डीएसई अभय कुमार शील की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीएम पोषण योजना के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गयी। बैठक में सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी एवं एमडीएम ऑपरेटर शामिल हुए। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विद्यालयों द्वारा शत प्रतिशत एसएमएस किया जा रहा है। योग्य रसोईया के वृद्धावस्था पेंशन की समीक्षा में पाया गया कि तोरपा प्रखंड में तीन रसोइया का वृद्धावस्था पेंशन नहीं बना है, इन तीनों रसोइयों का पेंशन तीन दिनों में बनवाने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक ने तोरपा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और बीपीओ को दिया। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड भी तीन दिनों में शत प्रतिशत बनवाने और विद्यालयों में तिथि भोजन नियमानुसार बच्चों को परोसने का निर्देश दिया गया। डीएसई ने कहा कि भोजन मेन्यू के अनुसार बच्चों को मिले, इसकी समीक्षा प्रतिदिन सीआरपी अपने विद्यालय भ्रमण के क्रम में करेंगे। बैठक में बीईईओ धीरेंद्र कुमार, बीपीओ मनमोहन साहु, अजय कुमार , विवेक कुमार, रंजीता बाखला, नरेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## खनन विभाग की औचक छापेमारी, तीन ट्रैक्टर जब्त

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त के निदेर्शानुसार शनिवार को ईचागढ़ थाना अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध बालू भंडारण, परिवहन को लेकर मिले शिकायत के आलोक में जिला खनन विभाग के नेतृत्व में ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में औचक निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में अलग-अलग स्थानों पर अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इस मामले को लेकर जिला खनन निरीक्षक समीर कुमार ओझा ने बताया कि अवैध बालू खनन और परिवहन का काम किसी भी हाल में नहीं करने दिया जायेगा। इसके लिए खनन विभाग लगातार औचक निरीक्षण कर कारवाई कर रहा है। इस मामले में गाड़ी मालिक और अन्य संलिप्त लोगों पर शिकायतवाद के तहत अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार ने निकाली जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को गायत्री परिवार, खूंटी शाखा द्वारा प्रदर्शनी रैली निकाली गयी। आयोजन में गायत्री परिवार के परिजन, एकल अभियान तथा संकल्प इंस्टीट्यूट के छात्र शामिल हुए। अपराह्न चार बजे आरंभ हुई रैली नेताजी चौक से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक होते हुए गायत्री प्रज्ञा पीठ तक जनमानस को नशा उन्मूलन का संदेश देते हुए समाप्त हुई। विभिन्न प्रकार के नारे, तथा बैनर के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। समाज में व्याप्त नशाखोरी की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए परिव्रजक चंदन मोदी मदन मोहन गुप्ता ने कहा कि तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थ केवल व्यक्ति नहीं, परिवार और समाज को भी अंदर से खोखला कर रहे हैं। इसलिए जनजागरूकता के माध्यम से ही इस बुराई पर अंकुश लगाया जा सकता है। कार्यक्रम की सफलता में बालमुकुंद कश्यप, अमित किरण, धनंजय महतो, सीमा सिंह, आंचल मिश्रा, ब्यूटी मिश्रा, रेखा मिश्रा, राजेश महतो आदि ,एकल अभियान , संकल्प इंस्टीट्यूट के छात्रों सहित नगर के गणमान्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभायी।

## तमाड़ में पेयजलापूर्ति चरमरायी, ग्रामीण परेशान

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पीएचईडी द्वारा तमाड़ में पेयजलापूर्ति की सप्लाई की जाती है इसके लिए उपभोक्ताओं से रुपये की भी वसुली की जातीं हैं, लेकिन कभी भी पानी उपभोक्ताओं को ठीक से नहीं मिल पाती है। महीने में लगभग पंद्रह दिन ही पानी मिल पाती है। अक्सर मशीन खराब हो जाती है और पाइप फटने की शिकायत मिलती है। उपभोक्ताओं का सप्लाई पानी पर से भरोसा उठ चुका है। उन्हें बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है। कांची नदी से पानी सप्लाई होती है और सलगाडीह में पानी फिल्टर होकर लोगों के घरों तक पहुंचती है। पिछले चार वर्ष पुर्व करोड़ों रूपये की लागत से इसका निर्माण किया गया था। लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब पेयजल लगातार मिलेगी। यह उम्मीद ठगा सा साबित हो रहा है। गर्मी के महीने में पानी की आपूर्ति नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कत हो रही है, जिसके घर में बोरिंग नहीं है वो कुआं और तालाब का पानी पीने को मजबुर हो गये हैं। विभाग के कनीय अभियंता कहीं दिखायी ही नहीं पड़ते हैं। जन प्रतिनिधि भी चुपी साधे रहते हैं। उपभोक्ता शिकायत करें तो कहां करें, कुछ समझ में नहीं आता है।

## बटुका खपिया में 15 जून को होगा मंडा पूजा सह मेला का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के बटुका खपिया में आगामी 15 जुन को मंडा पूजा सह मेंला का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर शनिवार को मंडाटांड़ में बटुका खपिया दोनों मौजा के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 जून को मुंडन और 15 जून को लोटन सेवा एवं फुलखुंदी में भोक्ता एवं शोकताइन लहलहाती अंगारों में अपना भक्ति का परिचय देगें। तथा रात्रि में बंगाल और झारखंड के सुप्रसिद्ध छउ नृत्य नेहारी सहीस महिला छउ नृत्य ग्रुप तथा चितरंजन महतो छउ नृत्य ग्रुप के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक नृत्य एवं कला का प्रदर्शन किया जायेगा। तत्पश्चात 16 जून की सुबह में झूलन के साथ मंडा पूजा का समापन किया जायेगा।

### चांपी स्थित दिवरी पतरा में विवादित देव स्थल को लेकर प्रशासन और ग्रामीणों की बैठक


## समाधान होने तक विवादित स्थल पर दोनों पक्षों के जाने पर अस्थायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कर्रा।** कर्रा प्रखंड के चांपी स्थित वर्षों से विवादित दिवरी पतरा को लेकर शनिवार को प्रशास ने ग्रामीणो के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम दीपेश कुमारी ने समाधान होंने तक दोनों पक्षों के वहा जाने पर अस्थाई रोक लगा दी। बैठक में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दावेदारी और पक्ष रखे। एक पक्ष का कहना था कि उक्त स्थल पर 2015 से पहले कभी पूजा-पाठ नहीं हुआ और हाल के वर्षों में धार्मिक गतिविधियां शुरू की गई हैं। वहीं दूसरे पक्ष ने इसका विरोध करते हुए दावा किया कि यहां सदियों से भगवान शिव और गणेश की पूजा होती आ रही है और यह स्थान हमेशा से एक मान्य देवस्थल रहा है। ग्रामीणों ने कुछ तथाकथित साजिशकर्ताओं पर समुदायों के बीच तनाव फैलाने का आरोप भी लगाया। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जब तक विवाद का समाधान नहीं हो जाता, तब तक किसी भी पक्ष को देवस्थल पर पूजा या अन्य गतिविधियां करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। हालांकि, हिंदू समुदाय की ओर से अनुरोध किया गया कि कम से कम एक व्यक्ति को प्रतिदिन भगवान शिव और गणेश की पूजा की अनुमति दी जाए। इस पर एसडीओ ने कहा कि सरकारी कामकाज में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए और देवस्थल की जमीन पर यदि कोई सरकारी विकास कार्य हो रहा है, तो उसमें किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं डाली जा सकती। उन्होंने बताया कि जिला परिषद फंड से इस क्षेत्र में एक सड़क निर्माण प्रस्तावित है, जिसे अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एसडीपीओ और थाना प्रभारी की निगरानी में निष्पादित किया जायेगा। अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी अपने निगरानी में रख करें। मौके पर एएसपी क्रिस्तोफर केरकेट्टा, अंचल अधिकारी वंदना भारती, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेशिया, मुखिया क्षत्री हेमरोम, पंचायत समिति सदस्य पौलुस होरो, जरियागढ़ के ठाकुर जयेन्द्र नाथ शाहदेव, लाल आशुतेन्द्र नाथ शाहदेव, राजेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, नरेंद्र सिंह, शिवकुमार केशरी, रूपेश सोनी, सुनील ताम्रकार, सुधीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, अभिराम आईंद, दानियेर्ल आइंद, सुखु आईंद, सुखराम आईंद, पहचान सामू, भोला पाहन सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मैक्लुस्कीगंज में क्रिकेट समर कप का फाइनल मैच आज



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रेवोल्यूशन स्पोर्ट्स के तत्वाधान में अयोजित समर कप 2025 क्रिकेट अंडर 14 टी 20 में शनिवार को दो मैच खेले गये पहला मैच अरविंदो क्रिकेट अकादमी और हरमू यूथ के बीच खेला गया। मैच से पहले मुख्य अतिथि एसटीएफ आईजी अनूप बिरथरे तथा झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सौरव तिवारी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और शुभकामनाएं दीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए अरविंदो की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में सभी विकेट खोकर 87 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी हरमू यूथ की टीम 16 ओवरों में 8 विकेट खोकर 77 रन ही बना पायी और 10 रनों से मैच हार गयी। रविवार को अरविंदो बनाम हरमू यूथ के बीच फाइनल मैच खेला जायेगा। इस मौके पर खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, राजीव वर्मा मनीष वर्मा, सत्यम और सचिन गिरी मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# अहिल्याबाई होलकर नारी सशक्तिकरण का प्रतीक : डॉ यदुनाथ पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कॉलेज सभागार बीसा में शनिवार को देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के मौके पर द वर्ल्ड इज माई फेमिली विषय पर कार्यशाला हुआ। इसके मुख्य वक्ता झारखंड प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रो (डॉ) यदुनाथ पांडेय, विशिष्ट अतिथि जसपुरिया बीएड कॉलेज के चेयरमैन जैलेंद्र कुमार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा व प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा थे। इस मौके पर डॉ यदुनाथ पांडेय ने उन्होंने कहा की अहिल्याबाई की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं उदार भावना ने उन्हें नारी से देवी का नाम दिया। वे नारी शक्ति की प्रतीक थी। मालवा की महारानी के जन्म के 300 साल बाद भी याद किया जाना नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। अहिल्याबाई ने सनातन धर्म के विकास को लेकर कई उल्लेखनीय कार्य किया। देश के चारों धाम का काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, विष्णुपद मंदिर सहित अनेक हिन्दू मंदिरों का पुर्ननिर्माण कराया। ऐसी वीरांगना को नमन। इस मौके पर प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रशिक्षु श्रुति वर्मा ने अहिल्याबाई की जीवनी पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर भाजपा नेता प्रभुदयाल बड़ाइक, संजय नायक, सोहरैया बेदिया, एतवा बेदिया, पंचम भोगता, दिलीप मिर्धा, अजय कुमार, हर्ष राज, काजल गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

### भारत देश और सनातन समाज आजीवन ऋणी रहेगा : जैलेंद्र कुमार

इस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर को एक महान समाज सुधारक एवं परोपकार के लिए जाना जाता है। शिक्षा के विकास को लेकर कई स्कूलों एवं कॉलेजों का निर्माण कराया। भारत देश एवं सनातन समाज इनकी आजीवन ऋणी रहेगा।

### 58 लाख रुपये ठगी करने का मामला

# अपार्टमेंट योजना के नाम पर उषा बाखला पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** लालखटंगा पंचायत के कोचबोंग बेड़े टोली निवासी विमल उरांव ने अपार्टमेंट निर्माण के नाम पर 58 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए खरसीदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह शिकायत खूंटी की रहने वाली उषा बाखला और उसके साथी मुज्जफर आलम के खिलाफ की गयी है। प्राथमिकी में विमल उरांव ने बताया कि उनकी पत्नी जसिंता कच्छप अपने घर में धार्मिक प्रार्थना (चंगाई सभा) का आयोजन करती है। इसी क्रम में उषा बाखला अपनी बेटी के साथ प्रार्थना कराने के लिए आयी थी। प्रार्थना से लाभ मिलने के बाद उषा नियमित रूप से उनके घर आने लगी। इस दौरान उनका उनके परिवार से मधुर संबंध स्थापित हो गया।

बाद में उषा बाखला ने अपनी बेटी ईशालता बाखला को विमल उरांव के घर में रखकर पढ़ाने की बात कही, जिसे उन्होंने सहमति दे दी। ईशालता का नामांकन विमल के दोनों बेटों के साथ नागेश्वर डीएवी पब्लिक स्कूल चंदाघासी में करवाया गया। कुछ समय बाद उषा ने विमल को बताया कि वह रिम्स में कार्यरत है और साथ ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपार्टमेंट निर्माण का व्यवसाय भी करती है। उन्होंने निवेश करने पर हर महीने मुनाफे का 20 प्रतिशत देने का प्रस्ताव दिया। शुरूआत में विमल और उनकी पत्नी ने उषा के ससुराल और गांव की स्थिति जाने बिना निवेश करने से मना कर दिया। बाद में उषा उन्हें टुमटुम सीठियो और पोरोहो टोली जिला खूंटी स्थित अपने ससुराल और गांव ले गयी। वहां की स्थिति देखकर वे निवेश के लिए तैयार हो गये। इसके बाद विमल ने 17 अगस्त से 5 अक्टूबर 2023 तक उषा को 9 लाख रुपये नकद दिए और उसके दोस्त मुज्जफर आलम के नाम पर 3 लाख रुपये का चेक दिया। फिर 14 नवंबर 2023 से 17 फरवरी 2024 के बीच 46 लाख रुपये और नगद दिए। कुल 58 लाख रुपये उषा और उसके साथी को दिये।

विमल ने बताया कि पैसे लेने के दौरान उषा नियमित रूप से उनके घर आती थी, लेकिन रकम पूरी मिल जाने के बाद उसने आना बंद कर दिया। जब वे उषा से संपर्क करने की कोशिश करते है तो वह न फोन उठाती है, न ही घर या ससुराल में मिलती है। इस पर उन्हें ठगी का आभास हुआ और उन्होंने कानूनी कार्रवाई के लिए खरसीदाग ओपी में मामला दर्ज करवाया। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

# दो लड़कियां चोरी करती पकड़ी गयीं



ग्रामीणों के कब्जे से दोनों लड़कियों को छुड़ाती पुलिस।

आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू बाजार में शनिवार को दो लड़कियों को रुपये चोरी करते रंगेहाथ ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों लड़कियों की जमकर धुनाई कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस को तीन घंटे के काफी मशक्कत के बाद दोनों लड़कियों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा कर थाना ले जाने में सफलता मिली।

जानकारी के अनुसार राजस्थान की दो लड़कियां तन्नु कुमारी व अंजली कुमारी एक बच्चा के साथ उरुगुट्टू बाजार में कई ग्रामीणों का रकम चोरी कर चुकी थी। इसी बीच एक महिला का 3500 रुपये चोरी करते दोनों पकड़ा गयी। ग्रामीणों द्वारा दोनों को पकड़ने के बाद जम कर धुनाई की गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को तीन घंटा तक कड़ी मशक्कत करने के बाद ग्रामीणों के चंगुल से दोनों लड़कियों को छुड़ाया गया। मामले पर थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि जांचोपरांत दोषियों पर कारवाई किया जायेगा।

# बेड़ो में पड़हा महासम्मेलन का आयोजन



मंच पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस ग्रामीणों को सौंपते सीओ और मौजूद पदाधिकारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड स्थित महादानी मैदान के रंगमंच पर आबुआ दिशुम आबुआ राज के बैनर तले शनिवार को एक दिवसीय पड़हा महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पड़हा समाज के लोगों ने महादानी मैदान के समीप सरना स्थल की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग किया। इस दौरान सीओ प्रताप मिंज ने पड़हा समाज के लोगों को सरना स्थल की जमीन को 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण मुक्त कराने का नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने महासम्मेलन को समाप्त कर दिया। इस बाबत बेड़ो थाना परिसर में भी एक बैठक हुई। वहीं बैठक के बाद महासम्मेलन स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व पड़हा समाज के लोगों के बीच वार्ता हुई। साथ ही सीओ प्रताप मिंज द्वारा महादानी मैदान के समीप सरना स्थल की जमीन को 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण से मुक्त कराने व जमीन का सीमांकन कराने का आश्वासन दिया गया। साथ ही डीएसपी अशोक कुमार राम के समझाने पर ग्रामीण सहमत हो गये। इसके बाद ग्रामीणों ने कार्यक्रम समाप्त कर दिया।

वहीं मौके पर सीओ प्रताप मिंज, डीएसपी अशोक कुमार राम, पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव, लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव और दर्जनों पुलिस पदाधिकारी समेत भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** सरस्वती शिशु विधा मंदिर ओरमांझी में भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़, पारदर्शी व व्यावहारिक बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर विचारगोष्ठी सह जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन केवल चुनाव सुधार की बात नहीं, यह देश के संसाधनों, समय और प्रशासनिक व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन का माध्यम है। कार्यक्रम में एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुमार गौरव, प्रदेश मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी नीरज नायक, राजेश गुप्ता,, रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, पंचायत समिति सदस्य ललिता मेहता, विक्रांत तिवारी, जेठा नायक, किरण देवी, ममता देवी, दीपा चौरसिया, लक्ष्मी देवी, भीम मुंडा, जोगेंद्र मुंडा, संतोष कुशवाहा, नितेश साहू, सुंदर नायक, सोना लाल महतो, महेश्वर मेहता, सुनील नायक शामिल थे।

# घायल कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ शनिवार को खिजरी मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह से मिलने उनके सिदरोल स्थित आवास पहुंचे। गोरखनाथ सिंह हाल ही में अपने ही घर में गिरकर घायल हो गए थे, जिसके बाद वे स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। सांसद संजय सेठ ने उनका हालचाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसी क्रम में तिरंगा यात्रा की तैयारी के दौरान टाटीसिलवे मंडल महामंत्री एक दुर्घटना में घायल हो गये। वे एसआरएस पार्क के समीप रोड पर अपनी ही बाइक से फिसलकर गिर पड़े, जिससे उनके कंधे और छाती की तीन हड्डियां टूट गयी। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें दो महीने के पूर्ण बेड रेस्ट की सलाह दी है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा रांची जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज उनके मिश्रा टोली स्थित आवास पहुंचे और उनका हालचाल लिया। उन्होंने कार्यकर्ता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि संगठन उनके साथ खड़ा है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, भागीरथ महतो, गिरधर मिश्रा, राजीव रंजन सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# उषा मार्टिन 15 ट्राईबल गांवों में चला रहा है अभियान

## समाज परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है एकल विद्यालय: डॉ मयंक मुरारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन और एकल विद्यालय संयुक्त रूप से टाटीसिलवे के पंद्रह ट्राईबल गांवों में समाज परिवर्तन का अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत संस्कार शिक्षा के माध्यम से वनवासी एवं जनजातीय समाज में अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। इन गांवों में ग्राम विकास के सम्पूर्ण कनसेप्ट को ही धरातल पर उतारा जा रहा है। इन गांवों के 300 से अधिक बच्चों एवं इतने ही परिवार के लोगों में शिक्षा, स्वाभिमान एवं राष्ट्रनिर्माण का कार्य किया जा रहा है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि दो साल पूर्व एकल अभियान को इन ट्राईबल गांवों में शुरू किया गया था। एकल विद्यालय धीरे-धीरे ग्रामीण आवश्यकताओं के आधार पर शिक्षा के बाद आरोग्य, ग्राम विकास, स्वाभिमान जागरण एवं संस्कार शिक्षा का पंचमुखी शिक्षा अभियान बन गया है। पाठ्यक्रम में बच्चों को बुनियादी शिक्षा और जीने के तौर-तरीकों के बारे में भी बताया जाता है, ताकि उनमें आत्मविश्वास की भावना पैदा हो। अंचल अभियान प्रमुख हीरालाल महतो इन विद्यालय के बच्चों में अपनी परंपरा एवं संस्कार को देखकर बताती है कि इन बच्चों एवं इनके परिवारजनों को शिक्षा, संस्कार के साथ, वोकेशनल ट्रेनिंग, ग्राम विकास विकास के विभिन्न माध्यमों से जोड़ने की जरूरत है, ताकि एक सर्वांगीण विकास को संभव बनाया जा सके। एडुकेशन कोडीनेटर सुगन देवी बताती हैं कि यह अभियान अनगड़ा प्रखंड के विद्यालय सासनबेड़ा, मसरीजारा, पैका, जरगा, मेढ़ा, बानपुर, असरी, जिरकी, जाराटोली, सालहन आदि गांवों में चल रहा है। इन विद्यालयों के माध्यम से उषा मार्टिन ने अभी तक 600 से भी अधिक बच्चों को अक्षर ज्ञान के साथ संस्कार एवं परंपरा का ज्ञान दिया है। सासनबेड़ा की स्कूल इंचार्ज आशापति देवी बताती है कि बच्चों में संस्कार के साथ अक्षर ज्ञान और गांव की महिलाओं में सांस्कृतिक जागरण के साथ ग्रामीण विकास के बारे में बताया जा रहा है।

**कार्यशाला 4 जून को :** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सौजन्य से टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के गांवों के हुनरमंदों को आजीविका संवर्द्धन से जोड़ने के लिए चार जून को एक कार्यशाला आयोजित किया गया है। एग्री बिजनेस के कॉर्डिनेटर मेवालाल महतो ने बताया कि कार्यशाला में कृषि एवं गैर कृषि उत्पाद को उद्यमिता से जोड़ने पर विशेष चर्चा होगी।

### सुदूरवर्ती इलाकों में शिक्षा की व्यवस्था: संगीता

लाइवलीहुड कोडीनेटर संगीता कुमारी कहती है कि आज भी सुदूरवर्ती इलाकों में शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। वैसे क्षेत्रों में एकल विद्यालय संचालित कर बच्चों को तीन घंटे की अनौपचारिक शिक्षा गांव के ही युवक और युवतियों द्वारा दी जाती है। इस साल पांच नए गांव बड़कुंबा, चतरा, हाहे, सिलवई और उलातू में एकल विद्यालय खोला गया है।

# आरटीसी कॉलेज दड़दाग को मिला नैक में बी ग्रेड को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया

- ओरमांझी जैसे ग्रामीण क्षेत्र में वटवृक्ष के समान खड़ा है आरटीसी कॉलेज : कुलपति



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज दडदाग ओरमांझी को नैक में बी ग्रेड मिलने पर कॉलेज के सभागार में समारोह किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा उपस्थित थे। उन्होंने नैक में बेहतर प्रदर्शन के लिए कॉलेज परिवार को बधाई दी। कहा यह कॉलेज इस ग्रामीण क्षेत्र के लिए शिक्षा के अलख जगाने के लिए वट वृक्ष के समान खड़ा है। समारोह में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि कॉलेज ने अपने सीमित संसाधन के बावजूद बेहतर प्रदर्शन किया है, जो बधाई का पात्र है।

मौके पर रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ गुरूचरण साहू, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, डॉ गौरी शंकर झा, डॉ मुकुंद चंद मेहता, डॉ विष्णु चरण महतो, डॉ पारस नाथ महतो, डॉ रूद्र नारायण महतो, श्याम नारायण महतो, उमाशंकर साहू, राजेश्वर महतो, वसंत नारायण, प्राचार्य डॉ भीम महतो, कुमुद रंजन, आइक्यूएससी कॉर्डिनेटर प्रो मिनू कुमारी, को- कॉर्डिनेटर डॉ अनुराधा कुमारी, उप प्राचार्य प्रो योगेंद्र ठाकुर, प्रो शैलेंद्र मिश्र, रीता कुमारी, प्रो एकबाल अंसारी, गफ्फार अंसारी, रेणू चौधरी, प्रो रामकुमार महतो, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, अलका तिर्की और आरएन पांडेय उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बेड़ो के बारीडीह में पड़हा जतरा आज से



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित जतरा मैदान पर रविवार 1 जून से 3 जून तक होने वाली वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को लेकर केंद्रीय पड़हा पड़हा संचालन समिति के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गयी है। इस वर्ष तीन दिनी जतरा समारोह का आयोजन होगा। इसमें 1 जून को पड़हा समाज पर विस्तृत परिचर्चा व कार्यशाला में समाज के विद्वान लोग भाग लेंगे। वहीं 2 जून को किसान मेला सह किसान गोष्ठी और 3 जून को पड़हा जतरा समारोह का आयोजन होगा। पड़हा जतरा समारोह को लेकर पड़हा संचालन समिति व प्रशासनिक स्तर से जवानों तैनात कर दिया गया है। वहीं बेड़ो बाजार टांड़ में 3जून को लगने वाली 59वें वार्षिक पड़हा जतरा की तैयारियां आयोजन समिति के संरक्षक सह पूर्व कुलपति बिनोबा भावे विश्वविद्यालय के डा रवींद्र नाथ भगत के अगुवाई में की जा रही है। इधर 3 जून को दोनों जगहों में बेड़ो में पवन कुमार राय, पंकज कुमार राय, नितेश कच्छप एवं चिंता देवी और बारीडीह में महावीर साहु, रुपेश बड़ाइक, यशोदा देवी, बिंदेश्वरी देवी, मनि देवी, दामिनी कुमारी, बिरसमुनी उरांव, फूलकुमारी उरांव, मनरखन बड़ाइक द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

### हादसे में दंपति सहित चार घायल,दो रिम्स रेफर

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के करंजी देवी मंडप के समीप शनिवार की शाम लगभग छह बजे एक बाइक सवार ने पैदल राहगीर दंपति सहित चार लोगों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे चारो राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दंपति 35 वर्षीय पत्नी संगीता देवी 38 वर्षीय पति सुबनाथ महतो 60 वर्षीय फुदो देवी पति चरण महतो और 8 वर्षीय अमन महतो पिता अनिल महतो है। जिन्हें ग्रामीणों और स्वजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया, जहां डॉ सुमन ने चारों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल संगीता देवी और अमन महतो को रिम्स रेफर कर दिया। स्वजनों ने बताया चारो लोग अपने खेतों में काम करके अपने घर जा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बेड़ो थाना पुलिस के एसआइ अनिल टोप्पो सीएचसी बेड़ो पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

### कमला नेहरू इंटर कॉलेज टाटीसिलवे के कॉमर्स का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। कमला नेहरू इंटर कॉलेज टाटीसिलवे के वाणिज्य संकाय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कॉलेज की छात्रा रिया गगराई 371 अंक लाकर कॉलेज की टॉपर बनी। वहीं उज्जवला रानी 360 अंक के साथ द्वितीय एवं अशोक कुमार महतो 357 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज के अध्यक्ष लालमणि प्रसाद, सचिव नवनीत सिंह एवं प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 8.50 लाख का तार जब्त, आरोपी गिरफ्तार



इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी पुलिस प्रशासन एवं डोला गांव के ग्रामीणों के सहयोग से अंतर जिला बिजली तार को काट कर बेचने वाले चोरों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्य में पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चोर के निशान निशान देही पर छापामारी की गयी और चोरों को गिरफ्तार किया गया। तीनों थाना इटकी बेड़ो, नरकोपी के थाना प्रभारियों के सहयोग से चोरों की पूरी टीम को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार चोरों में दीपक दास 40 वर्ष ग्राम कोकर चूना भट्टा, सुखदेव उरांव उर्फ टोचन 25 वर्ष, दीपू महली 30 वर्ष ग्राम जोजरो थाना कुरु का रहनेवाला बताया गया है। पुलिस की टीम ने चोरों के पास से बिजली तार कटर, एलटी के कई रेंज की तार चोरी के माल ढोने में प्रयुक्त वाहन और तीन मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार चोरी के पास से जब्त तार की बाजार कीमत करीब 8.50 लाख का बताया गया है। छापामारी की टीम में तीनों थाना इटकी बेडो नरकोपी के थाना प्रभारी के अतिरिक्त पुअनि सुमित कुमार दास, पुअनी विवेक कुमार दुबे, आरक्षी किरण बरला, असित क्रिकेटर, प्रवीण कुजूर, वीर सिंह मुंडा, प्रभात कुमार पांडा सहित अन्य शामिल थे।

### हुंडरु फॉल में जंगली हाथी ने मचाया उत्पात



सिकिदीरी (आजाद सिपाही)। हुंडरु फॉल में शुक्रवार की रात जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस क्षेत्र में हाथियों के आंतक से लोग काफी भयभीत हैं । ग्रामीण शाम होते ही अपने अपने घरों में दुबक जाते है। जंगली हाथी ने झरना के आसपास एव सीढ़ियों के किनारे बने झोपड़ीनुमा दुकानों को तोड़ कर दुकान में रखे चावल दाल, लेस, कुरकुरे को खाकर एवं पानी, पेप्सी के बोतलें को पैर से रौद कर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। जिससे हुण्डरु फॉल के दुकानदार चंचला कुमारी करीब पंद्रह हजार रुपये, जितू बेदिया के दस हजार रुपये, रबि बेदिया के बारह हजार रुपये, बाबुराम बेदिया और चरकू बेदिया के पांच हजार रुपये की सामग्री का नुकसान हुआ है। दुकनदारों ने बताया कि जंगली हाथी के नुकसान से परिवार में भुखमरी की स्थिति हो गयी है।जेएलकेएम केंद्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया और हुण्डरु वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बुधराम बेदिया घटनास्थल पर पहुंचकर हाथी से हुए नुकसान का जायजा लिया और उचित मुवाअजा देने की मांग की।

### 12वीं में 89% अंक लाकर आदिति ने किया नाम रोशन



नामकुम (आजाद सिपाही)। टाटीसिलवे मिश्रा टोली निवासी आदिति ने सीबीएसइ 12वीं परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा आदिति ने विज्ञान संकाय में कुल 500 में से 443 अंक अर्जित किये है। आदिति भाजपा टाटीसिलवे मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा और संगीता देवी की पुत्री है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। आदिति की सफलता पर मोहल्ले एवं गांव के लोगों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने बधाइयों की झड़ी लगा दी। परिजनों ने आदिति की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि वह शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है और उसने परीक्षा की तैयारी पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ की थी। आदिति के चाचा गिरधर मिश्रा, अभिषेक रंजन, हलहर मिश्रा, अमन मिश्रा समेत परिजनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बेड़ो प्लस टू स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



बेड़ो (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा जारी किये गये 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो के छात्र व छात्राओं ने परचम लहराया है। विद्यालय के अच्छे प्रदर्शन से छात्रों व उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है। जहां प्लस टू बेड़ो से विज्ञान संकाय में कल्याणी कुमारी 90% अभिषेक रंजन 84% व प्रिया अनु कुमारी 84% वाणिज्य संकाय में मोनी कुमारी 76% अनिल राम 74% और काजल कुमारी 73% लाकर स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जिन्हें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेनरीता मिंज, सुप्रिया कुमारी, सुनीता तिर्की, उर्सुला तिर्की, राकेश प्रसाद, राजू गुप्ता, सत्यप्रकाश, सुमित सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं देते हैं।

# संत जोसेफ इंटर कॉलेज की अनिशा बनीं जिला टॉपर



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड स्थित संतजोसेफ इंटर कालेज कोनबीर नवाटोली की छात्रा अनिशा कुमारी इंटर कॉमर्स में 89.8% अंक लाकर जिला टॉपर बनी। वहीं विज्ञान संकाय में अनूप कुमार साहू 86.6% अंक लाकर जिला में पांचवा स्थान प्राप्त किया। वहीं नीलम कुमारी 85% अंक लाकर जिला में आठवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाध्यापक ब्रदर सुशील टोपनो ने कहा कि इस वर्ष इंटर कॉमर्स विषय में 27 छात्र-छात्रा शामिल हुए थे, जिसमें 19 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में और 8 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुए। परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं विज्ञान संकाय में 104 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें प्रथम श्रेणी में 62 द्वतीय श्रेणी में 38 और मार्जिनल 4 चार छात्र छात्राएं रही। विज्ञान संकाय में 96% प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की। छात्र छात्राओं की इस सफलता पर प्राचार्य सुशील टोपनो ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि विद्यालय के शिक्षक और अभिभावकों का मेहनत रंग के कारण हम बेहतर परिणाम दे सके है।

# +2 उच्च विद्यालय दाउद नगर पुग्गु के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन






आजाद सिपाही संवाददाता

**दाउद नगर पुग्गु।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट 2025 की परीक्षा में +2 उच्च विद्यालय दाउद नगर पुग्गु के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय से कुल 20 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 3 छात्र प्रथम श्रेणी में और 11 छात्र द्वितीय श्रेणी में सफल रहे। अंकिता कुजूर और मधुसूदन यादव ने 357 अंक प्राप्त किये। दीपक उरांव को 319, सुषमा टोप्पो को 315, सोनामति उरांव को 314, नौरण बरला को 313, अनमोल तिग्गा को 313, अभिषेक तिग्गा को 305 और किस्सु उरांव को 302 अंक मिले। सभी सफल छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापिका सि. ललिता टोप्पो ने बधाई दी। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापिका ने शिक्षकों को भी मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से यह सफलता मिली है। विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों ने भी सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं पर ग्रामीणों का हुआ जुटान, कहा

# पुलिस प्रशासन में नहीं रहा विश्वास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** बसिया थाना क्षेत्र में हो रही मवेशी चोरी, बहन बेटियों के साथ हो रही छेड़खानी और प्रशासन की लापरवाही से चोरों के बढ़ते मनोबल के खिलाफ बंदी कुमार साहू के अध्यक्षता में स्थानीय ग्रामीण खुलकर पुलिस के खिलाफ सामाजिक बैठक करने को मजबूर हो गये। सैकड़ों की संख्या में अनेकों गावों के उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि कुछ महीने पहले एटीएम की चोरी हो, या बिजली तार की चोरी हो, चोरों के हौसले अब तो इतने बुलंद हो गए हैं कि ग्रामीणों के मवेशी तक को भी नहीं छोड़ रहे। दिनदहाड़े कोनबीर बाजार से लोगों की मोबाइल को पॉकेट से चोरी कर ली जा रही है। चोरी की घटनाओं से परेशान सैकड़ो ग्रामीणों ने बसिया के मोरेंग गांव के आम बगीचा में एक सामाजिक बैठक की। इस बैठक में अनेको गांव के ग्रामीण शामिल हुए थे।



ग्रामीणों ने बताया कि बसिया में चोरों के हौसले इतने बुलंद है की दिन दहाड़े हमारे मवेशी यथा गाय बैल, बकरी, मोबाइल आदि को चुरा ले रहे हैं जिसमें विशेष कर गाय बैल और बकरी की चोरी हो रही है ग्रामीणों ने कहा कि अगर हमारे जानवरों की चोरी इसी तरह होती रहेगी तो हम खेती-बाड़ी कैसे करेंगे। हमें बसिया पुलिस प्रशासन से भरोसा उठ गया है अभी तक बसिया पुलिस प्रशासन द्वारा किसी भी चोरी की घटना का उदभेदन नहीं कर पाना अपने आप में कई सवालिया निशान खड़े कर रहे है। मजबूर होकर हम पुलिस की कार्यशैली से परेशान होकर हम यह बैठक कर रहे हैं। प्रशासन अपनी जिम्मेवारी नहीं संभाल सकती तो हमें बता दे, अब हम एक शांति समिति का गठन कर खुद ऐसे असामाजिक तत्वों से अपनी और अपने मवेशियों, बहन बेटियों और संपत्तियों की सुरक्षा करेंगे। हमें अब बसिया पुलिस प्रशासन से भरोसा उठ गया है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गुमला में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



गुमला (आजद सिपाही)। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग, जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन, Acmo,DS,FSO, के द्वारा हरी झंडी दिखा के किया गया। कार्यक्रमों में किशोरों, किशोरियों एवं युवाओं और ग्रामीणों के बीच तंबाकू निषेध जागरूकता सत्र, जागरूकता रैली एवं हस्ताक्षर युक्त शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिला के स्वास्थ्य उपकेंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर युवा मैत्री केंद्र के सलाहकार, एएनएम, सहिया, सेविका, साथिया एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज की टीम द्वारा तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों पर जानकारी साझा की गई। वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू सेवन से फेफड़ों का कैंसर, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही यह न केवल हमारे शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि तंबाकू एवं इससे बने उत्पादों से दूर रहकर ही हम एक स्वस्थ जीवन और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं।

## राजस्व उपनिरीक्षक दुर्घटना में घायल



गुमला (आजाद सिपाही)। पालकोट प्रखंड की राजस्व उपनिरीक्षक आशा कुमारी मंगलवार को ड्यूटी से लौटने के क्रम में सोसो मोड़ गुमला में घायल हो गयी, जिनका इलाज गुमला के निजी अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को आशा कुमारी पालकोट अंचल में दिनभर ड्यूटी कर लौट रही थी इसी दरम्यान विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक से आपस मे टक्कर हो गया, जिसमें राजस्व उपनिरीक्षक आशा कुमारी का पैर टूट गया, जिसके बाद उसे गुमला के एक निजी अस्पताल में एडमिट किया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

# अज्ञात अपराधियों ने विकलांग युवक के प्राइवेट पार्ट में घुसायी बोतल, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी गांव निवासी रुडोल एक्का के प्राइवेट पार्ट में अज्ञात तीन अपराधियों ने बोतल घुसा दिया इसके बाद युवक सदर अस्पताल आया जहां चिकित्सकों ने बोतल निकालने का काफी प्रयास किया लेकिन असफल रहे इसके बाद युवक को डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया घटना शुक्रवार की रात करीब 8:30 की है युवक ने बताया मेरी पत्नी बेटे को लेकर चाईबासा एक शादी समारोह में चली गई घर में मैं अकेला था खाना-पीना खाकर कमरे में सोया था कभी बाहर से कुछ लोग दरवाजा खटखटाए पूछने पर खैनी मांगा दरवाजा खोलकर तीन युवक अंदर आए इसके बाद वे लोग दारु पीने चलने की बात कहे इनकार करने पर मेरे साथ मारपीट किया और एक बोतल को मेरे प्राइवेट पार्ट में डाल दिया। युवक ने बताया सभी अपने चेहरे में नकाब बांधे हुए थे उनमें से वह किसी को नहीं पहचान पाया। वहीं युवक मजदूरी करता है। 2014 में विद्युत करंट से उसका एक हाथ क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद डॉक्टर ने उसके हाथ को काट दिया, उसने बताया कि उसके किसी से दुश्मनी भी नहीं थी। युवक गुमला के टांगर टोली गांव अपने ससुराल में रहता है घटना टांगर टोली में ही घटी। मामले को लेकर युवक ने गुमला

## क्रेटा वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला पालकोट रोड स्थित अंबेराडीह के समीप क्रेटा वाहन के टक्कर से बाइक सवार कोंडरकेला पालकोट निवासी छोटेलाल साहू और प्रीतम साहू गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों के भीड़ लग गयी। वहीं पालकोट व गुमला थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंची और वाहन को जप्त कर लिया। वहीं दोनों घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। घटना शुक्रवार की रात करीब 8:00 बजे की है।

## एनडीआरएफ की टीम ने प्राकृतिक आपदा से बचने का दिया प्रशिक्षण

जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को एनडीआरएफ के पांच सदस्यी टीम के द्वारा प्रखंड व अंचल कर्मियों को प्राकृतिक आपदा से बचाने का प्रशिक्षण दिया गया। ताकि कर्मी आम लोगों को इसकी जानकारी दे सके। इस दौरान सीओ दिनेश गुप्ता के अलावे कई लोग प्रखंड कर्मी मौजूद रहे। एनडीआरएफ के एसआई हेमंत कुमार तिवारी ने लोगों को बताया कैसे प्राकृतिक आपदा से बचाना है। यदि सांप काट ले तो सांप को पहचानने का तरीका, वज्रपात, भूकंप और बाढ़ से बचने का तरीका, सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की घटना से खून निकलने पर उसे तत्काल रोकने का तरीका, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यदि बाढ़ आती है तो प्लास्टिक बोतल या बड़ा जरकिन को अपने शरीर में बांध ले तो पानी में डूबने से बचा जा सकता है। साथ ही आपदा से बचने के लिए कई अहम जानकारी दी गयी। वहीं मौके पर एनडीआरएफ रेस्कूअर दीपक कुमार, राजीव कुमार, रितेश कुमार और ब्लॉक कर्मी भींसेंट एक्का, विकाश कुमार, प्रकाश उराव सहित काफी लोग मौजूद थे।

## दृढ़ीकरण और परम प्रसाद संस्कार संपन्न



बसिया (आजाद सिपाही)। संत मिखाइल चर्च तालेसेरा में शनिवार को 179 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार और 52 बच्चो का परम प्रसाद ग्रहण संस्कार आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुमला डायसिस के विशप फादर लीनुस पिंगल एक्का मुख्य अनुष्ठाता के रूप में अनुष्ठान संस्कार कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चो को अपने अच्छे अच्छे जीवन तथा अच्छे कर्म से येसु के सुसमाचार प्रचार करें। इस दौरान उपस्थित बच्चे, अभिभावक एवम ईसाई अनुयायी पारंपरिक वस्त्रभूषा पहने हुए थे। इस मौके पर पल्ली पुरोहित फा पीयूष एक्का, फा बिनोद बाड़ा, फा पेत्रुस सोरेंग, फा अश्विन टोपनो, संतोषः तिर्की, बलि मिंज, लुईसा इंदवार समेत बहुत सारे विश्वासी उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों का बैठक आयोजित

आजाद सिपाह संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय के बायपास रोड स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्विट हॉल में आजसू पार्टी, जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू के अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों से आये जिलाअध्यक्षों का अहम बैठक आयोजित किया गया। जिसमें दो दिन तक पार्टी और संगठन के विस्तार और संगठन की मजबूती केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कुशल नेतृत्व में आजसू पार्टी के संगठन विस्तार और मजबूती कर, झारखंड प्रदेश में पुराने तेवर में किस तरह से आजसू पार्टी को स्थापित किया जाये। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के दूरदर्शी विचारधारा और नेतृत्व में झारखंड प्रदेश में शिक्षा हरियाली और विकास के साथ-साथ झारखंड के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार को लेकर एक सशक्त स्वशासन आजसू पार्टी के नेतृत्व में झारखंड में स्थापित किया जाये। इस विचारधारा को लेकर 24 जिला के जिला से आये हुए जिला प्रतिनिधियों के द्वारा अपना बहुमूल्य विचार व्यक्त किया गया। उक्त बैठक में उपस्थित नेताओं ने एक स्वर में आजसू पार्टी और सुदेश महतो के नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए झारखंड में हर चुनौती का सामना करने के लिए आजसू पार्टी तत्परता से तैयार है। पार्टी जनता का आवाज मुखरता से उठाते आया है और हमेशा जनता की आवाज बनकर जनमुद्दों को उठाते रहेगा। उक्त बैठक में कन्हैया सिंह, दीपक शर्मा विकेश शुक्ला, दिलीप दांगी, रामगढ़ के युवा नेता गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सुपुत्र पीयूष चौधरी, परमेश्वर महतो, भूपेंद्र पांडे, अमित कुमार पांडे, सचिन महतो, आदर्श लक्ष्य, छोटू सिंह भोक्ता जयकांत कश्यप दिलीप नाथ साहू, गोपीनाथ सिंह, दुर्गा साहू राहत अफजा, लायन मनीष सिंह सोनू, गोलू, अशोक, अजीत, विपुल झारखंड प्रदेश के जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

# गुमला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल नगर परिषद प्रशासक से मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शनिवार को गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के अध्यक्षता में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला के नगर परिषद प्रशासक सारजेन मरांडी से उनके कार्यालय में मुलाकात किये और नगर के अनेक समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र भी सौंपे इस मांग पत्र में मुख्य रूप से उल्लेख किया गया है कि डीएसपी रोड में कई जगहों पर जल जमाव और नालियों के ऊपर स्लैब नहीं होने से काफी कठिनाई हो रही है इसका निराकरण प्रमुखता से किया जाये। इसके बाद गुमला शहर के हृदय स्थल टावर चौक का सुंदरीकरण की मांग पहले भी किया जा चुका था, परंतु कोई सार्थक पहल नहीं हो पायी है। बरसात शुरू होने से पहले नगर के सभी स्ट्रीट लाइट को व्यवस्थित करने की मांग की गयी, तथा सभी वार्डों की नालियों के साफ-सफाई बरसात शुरू होने से पहले हो जानी चाहिए थी । पदाधिकारी की तरफ से सकारात्मक संकेत दिया गया। डीएसपी रोड जल जमाव की समस्या एक हफ्ते के अंदर ठीक करने की बात कही गयी। टावर चौक सुंदरीकरण के लिए वरीय पदाधिकारी को पत्राचार करने की बात कही गयी। नगर में नालियों के साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट को मरम्मत करने का काम बरसात शुरू होने से पहले करने की बात कही गयी। मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा सचिव बबलू वर्मा कार्यकारणी के बृज फोगला आदि उपस्थित थे।

## जागरूकता अभियान चलाया गया

गुमला (आजाद सिपाही) । सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन और आए दिन होने वाले दुर्घटना में टेंपो/ऑटो ग्राहकों और चालकों को बिना परमिट और बिना नियमों की जानकारी होने के कारण नुकसान और इंश्योरेंस के रिजेक्शन परसेंटेज के बढ़ने के उपलक्ष में बजाज ऑटो, एवं रिषभ ऑटो सेंटर में मोटर यान निरीक्षक एवं सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस उपलक्ष्य में उन्हें वाहन से संबंधित जानकारी जैसे लाइसेंस, फिटनेस, टैक्स और परमिट से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए परमिट के आवेदन को भरने का भी कार्य किया गया। उन्हें बताया गया की 2 जुलाई को इस हेतु स्पेशल परमिट का कैम्प भी आयोजित किया जायेगा। ज्ञात हो कि परमिट आवेदन के लिए मुख्य रूप से सारे आवेदन ऑनलाइन ही किए जाते हैं। परमिट के आवेदन पर अपने वाहन संख्या के साथ चेसिस नंबर डालने के पश्चात 150 रुपये का आवेदन शुल्क लगता है। आवेदन कार्यालय द्वारा वेरिफाई होने के पश्चात दुबारा से न्यू परमिट मेन्यू पर जाने पर आवेदन शुल्क डीजल/पेट्रोल ऑटो पर 3000 रुपये और सवारी वाहन, बॉलरो, पिकअप, मालवाहन गाड़ियों में 9000 रुपए का शुल्क ऑनलाइन लगता है। इसके अतिरिक्त जुमार्ना जो देय होगा की निम्न विवरणी है। नये रजिस्ट्रेशन के 1 दिन से 30 दिन के अन्दर आवेदन करने में 300 रुपये, 31 दिन से 60 दिन तक 1000 रुपए, 61 दिन से 90 दिन तक 3000 रुपये, 91 दिन से 3000 के अलावा 500 रुपए प्रति माह जो अधिकतम 10,000 रुपये तक जायेगा। अगर ऑटो/टेम्पो वाहन 2 साल या ज्यादा पुराना है में परमिट बनाने में अधिकतम 13150 रुपये लगेगा। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटर यान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, सड़क सुरक्षा के प्रबंधक प्रभास कुमार शामिल थे।

स्पोर्ट



इंग्लैंड में शतक से चूके 2 भारतीय बल्लेबाज, करुण नायर ने 272 गेंदों पर 26 चौके और 1 छक्के की बदौलत दोहरा शतक ठोका।

# इंग्लैंड में शतक से चूके 2 भारतीय बल्लेबाज, करुण नायर ने ठोका दोहरा शतक

**इंग्लैंड में शतक से चूके 2 भारतीय बल्लेबाज, दूसरे दिन के आगाज के साथ ही लगा तगड़ा झटका**

एजेंसी



**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से टेस्ट सीरीज का आगाज होना है। इस सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान पहले ही कर दिया गया था। टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गयी थी। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने में अभी लगभग 3 हफ्ते का वक्त बचा है। इससे पहले इंडिया-ए की टीम इंग्लैंड में हैं और 30 जून से पहला अनऑफिशियल टेस्ट मैच खेल रही है। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इंडिया- ए को इंग्लैंड में 2 अनऑफिशियल टेस्ट मैच खेलने हैं। टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिहाज से दोनों मैच काफी अहम हैं।

**2 बल्लेबाज सेंचुरी से चूके :** इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ पहले अनऑफिशियल टेस्ट मैच में पहले दिन भारतीय सलामी जोड़ी फेल रही। यशस्वी जायसवाल (24) और अभिमन्यु ईश्वरन (8) दोनों ही सस्ते में पवेलियन लौट गये। इसके बाद टेस्ट टीम में 8 साल बाद वापसी करने वाले करुण नायर ने सरफराज खान के साथ मिलकर शानदार साझेदारी करते हुए इंडिया-ए का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। इस दौरान करुण नायर अपना शतक पूरा करने में सफल रहे। हालांकि, सरफराज अपने शतक से 8 रन दूर रह गये। उन्होंने 92 रन बनाए। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने करुण नायर का बेहतरीन अंदाज में साथ निभाया लेकिन वो भी अपने शतक के करीब पहुंचकर चूक गये। दरअसल, पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंडिया-ए की टीम ने 90 ओवर में 3 विकेट खोकर 409 रन बनाये। करुण नायर 186 और ध्रुव जुरेल 82 रन बनाकर खेल रहे थे। दूसरे दिन के आगाज के साथ ही ध्रुव जुरेल के रुप में भारत को चौथा बड़ा झटका लगा। जुरेल 95वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। उन्होंने 120 गेंदों पर 11 चौके और 1 छक्के की मदद से 94 रन बनाये।

**करुण नायर ने ठोका दोहरा शतक :** सरफराज खान और ध्रुव जुरेल भले ही अपना शतक पूरा नहीं कर सके लेकिन करुण नायर ने दूसरे दिन 101वें ओवर में चौके से दोहरा शतक जड़ने का कमाल कर दिखाया। नायर ने 272 गेंदों पर 26 चौके और 1 छक्के की बदौलत दोहरा शतक ठोका। करुण नायर की इस शानदार पारी की बदौलत इंडिया-ए ने 450 से ज्यादा रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि इंडिया-ए के बल्लेबाज स्कोरबोर्ड पर कितने रन लगाने में कामयाब हो पाते हैं।

## साप्ताहिक इ-जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन



गुमला (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक ई-जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पालकोट एवं बसिया प्रखंड के ग्रामीणों ने अपने-अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालयों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं से अपर समाहर्ता को अवगत कराया। पालकोट से एक ग्रामीण ने पंजी-2 से संबंधित भूमि मामले को उठाया, जिस पर अपर समाहर्ता ने आवश्यक जांच कर समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं एक अन्य शिकायतकर्ता ने आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट नहीं होने की समस्या रखी, जिस पर श्री बड़ाइक ने संबंधित ऑपरेटर को निर्देशित किया कि समस्या का समाधान प्रखंड स्तर पर शीघ्र सुनिश्चित करें। बसिया प्रखंड से जुड़ी शिकायतों में आवास सर्वे नहीं होने की बात सामने आई, जिस पर श्री बड़ाइक ने आवेदकों को आवेदन देने के निर्देश दिए और कहा कि सर्वे नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवास का पुनः सर्वे कराते हुए नाम जोड़ने का प्रयास किया जाए।

## गोविंदपुर के विश्वकर्मा पाली क्लिनिक में शुरू होगी ओपीडी सेवा



**गोविंदपुर (आजाद सिपाही)।** शिव शंभू ग्रुप रंगडीह, लायंस क्लब गोविंदपुर, नागरिक समिति एवं पाटलीपुत्र हॉस्पिटल जोड़ाफाटक रोड धनबाद के तत्वधान में शनिवार को विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा शिव शंभु टावर कौशल विकाश केंद्र के पास अमरपुर में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क परामर्श एवं जांच की गयी। आयोजन में लायंस क्लब गोविंदपुर की अध्यक्ष अधिवक्ता जया कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने शिविर का शुभारंभ किया। जिसमें हृदय, मस्तिष्क, हड्डी एवं नस रोग, जेनरल सर्जन, नेत्र रोग, दंत रोग एवं जेनरल फिजिशियन डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। पाटलीपुत्र अस्पताल हृदय रोग के डॉ राहुल कुमार, मस्तिष्क रोग के डॉ कुणाल किशोर, हड्डी एवं नस रोग के डॉ निखिल ड्रोलिया, जनरल सर्जरी के डॉ अरुण अगरवाला, दंत रोग के डॉ सुधीर कुमार, एवं फिजिशियन डॉ एसडी चौधरी भी मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद रहे। इस दौरान कुल 187 मरीजों की ब्लड प्रेसर, ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल, बीएमडी एवं नेत्र जांच के साथ ही निःशुल्क परामर्श भी दिया गया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा भी दी गयी। इस मौके पर शिव शंभू ग्रुप, रंगदीह गोविंदपुर के बलराम अग्रवाल, गोविंदपुर के विश्वकर्मा पॉली क्लिनिक के डॉ उमेश लाल विश्वकर्मा, यश लोक हॉस्पिटल के डॉ अनिल कुमार, लायंस क्लब गोविंदपुर के उपाध्यक्ष अनुराग प्रदीप आदि मौजूद रहे। अस्पताल के प्रमुख डॉ निर्मल ड्रोलिया एवं डॉ निखिल ड्रोलिया ने बताया कि जून महीने से हमारी संस्था की सुपर स्पेशलिटी डॉक्टर्स का गोविंदपुर के विश्वकर्मा पाली क्लिनिक में ओपीडी सेवा शुरू करने जा रहे है। इस शिविर के माध्यम से आये मरीजों को कार्डिक टेस्ट में 50 प्रतिशत, न्यूरो सर्जरी में 20 प्रतिशत और जेनरल सर्जरी में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। यही नहीं, एंजियोग्राफी 9500 रुपये में किया जाएगा।

## 11 कन्याओं के विवाह में जन कल्याण सहयोग ट्रस्ट ने दिया आर्थिक सहयोग

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जन कल्याण सहयोग ट्रस्ट की ओर से सुकन्या जन सामाजिक सहयोग कार्यक्रम के तहत कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक सहयोग के रूप में महुदा, राजगंज, केंदुआ, तेतुलमारी, कांदरा, चरकी टांड़, निरसा, झरिया, बारकी में 11 कन्याओं के विवाह के लिए 5-5 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। इस क्रम में तेतुलमारी के प्रीती कुमारी , सुनीता देवी, सीमा कुमारी,लक्ष्मी कुमारी, खुशी परवीन, राजगंज, अंजली कुमारी महेशपुर, नरगिस खातून कुलटांड, वासीमा खातून, सादिया खातून, कांड्रा ,रफत खातून ,अंजली कुमारी ,मंजू देवी, केंदुआ काठगोला, अनु कुमारी को ट्रस्ट के अध्यक्ष नसीम अंसारी ने चेक प्रदान किया। मौके पर पर संस्थान के अधिकारी उमेश सिंह, अब्दुल रहमान, सुशीला कुमारी, शर्मिला कुमारी, खुशबू परवीन आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर नसीम अंसारी ने कहा कि संस्था की ओर से कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है।

## सिमेवा ने स्व. सुरेश शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**महुदा (आजाद सिपाही)।** सिमेवा (सिंगरौली मजदूर एकता वेलफेयर एसोसिएशन) की ओर से शनिवार को लोहापट्टी कोलियरी स्थित पाथरगड़िया खदान के हाजरी घर के समीप एक शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें संगठन के पूर्व जोनल अध्यक्ष एवं केंद्रीय कमेटी के सदस्य स्वर्गीय सुरेश शर्मा को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर जोनल अध्यक्ष काशीनाथ मिश्रा ने कहा कि सुरेश शर्मा मजदूरों के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्षशील रहे। उन्होंने मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर मजबूती से आवाज उठाई। किसी भी श्रमिक को समस्या होने पर वे सबसे पहले खड़े नजर आते थे। कहा कि सुरेश शर्मा बीसीसीएल कर्मियों के पदोन्नति संबंधी वार्ताओं में भी सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनका योगदान संगठन के लिए मार्गदर्शक रहा है। उनके निधन से सिमेवा ने एक सच्चा अभिभावक और कर्मठ नेता खो दिया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। वहीं, सभा का संचालन जोनल उपाध्यक्ष रमेश चंद्र महतो ने किया। इस मौके पर जोनल सचिव जगेश्वर रवानी, सपन कुमार दुबे, भोलानाथ महतो, गोरीशंकर दास, कार्तिक रजवार, फनिल महतो, नारायण चंद्र गोराई, हिकिम मांझी, सुशीला देवी, कांती देवी, प्रदीप रजवार सहित कई पदाधिकारी-सदस्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बेरमो थाना परिसर में शनिवार को थाना रोहित कुमार सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारी-जवानों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी। सभी ने संकल्प लिया कि तंबाकू या निकोटीनयुक्त किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करेंगें। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, स्वस्थ भारत निर्माण और तंबाकू-मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय भूमिका निभायेंगें।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## लालबंगला छठ घाट के समीप से शव बरामद, शरीर पर चोट के निशान

**बहन ने कहा कि किसी के दाह संस्कार में गया था भाई, पुलिस जांच में जुटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



शव की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लोग।

**झरिया।** भौरा ओपी थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान नगेंद्र साव के रूप में हुई है। वह लालबंगला छठ घाट के समीप काली मेला का रहने वाला था। शनिवार को उसका शव लालबंगला छठ घाट के पास से बरामद हुआ। मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान भी मिले हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे लोग सुबह प्रातःभ्रमण के लिए गये थे, तभी शव पर नजर पड़ी। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना भौरा ओपी को दी गयी। जिसके बाद भौरा ओपी प्रभारी रंजीत राम और सर्किल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से बाइक, चप्पल और कपड़ा बरामद किया है। वहीं, सर्किल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने मृतक की बहन बबिता देवी और बहनोई जितेंद्र साव से पूछताछ की। तब मृतक की बहन ने बताया कि उसका भाई दोस्त के पिता के दाह संस्कार में गया था। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि किसके दाह संस्कार में गया था। पुलिस परिजन के घर जाकर पत्नी और मां से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान मिले है। युवक के शरीर का मांस भी निकला हुआ है। इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एनएमसीएच भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# फिर आमने-सामने कोयलांचल की बहुएं : विधायक रागिनी ने देवरानी आसनी सिंह को कहा भाड़े का टट्टू





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में एक बार फिर विधायक रागिनी सिंह और उनकी देवरानी आसनी सिंह आमने-सामने खड़ी हो गयी हैं। दोनों बहुओं के बीच की बयानबाजी चर्चा का विषय बना हुआ है। विवाद बड़ा नहीं, बल्कि बहुत छोटा है, लेकिन एक बड़े और चर्चित घराने की दो बहुएं जिस तरह आमने-सामने हैं, वह कोयलांचल में चर्चा का विषय है। चर्चा होना भी लाजमी है, क्योंकि कोयलांचल का प्रमुख घराना जिसकी रसूख सिर्फ धनबाद तक ही सीमित नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के बलिया तक है। एक ओर स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की बहू और संजीव सिंह की पत्नी झरिया विधायक रागिनी सिंह हैं. जबकि दूसरी ओर रामाधीर सिंह की बहू हैं।

बतातें चलें कि झरिया में उपजे एक छोटे से विवाद को लेकर आसनी सिंह ने विधायक रागिनी सिंह पर कड़े शब्दों का प्रहार किया। कहा कि छोटी-छोटी बातों को हवा देकर बढ़ा चढ़ा देती हैं और मीडिया लेकर पहुंच जाती हैं। मीडिया बुलाकर राजनीतिक रोटी सेंकती हैं। वहीं, रागिनी सिंह ने भी पलटवार करते हुए देवरानी को पहचानने से ही इनकार किया। यहां तक कि उन्हें भाड़े का टट्टू तक कह दिया। दोनों बहू की इस बयानबाजी से कोयलांचल में चर्चा जोरों पर है।

### मामा-भांजे के झगड़े से शुरू हुआ विवाद

आसनी सिंह (देवरानी) ने कहा कि पानी के कनेक्शन को लेकर मामा और भांजे में पुराना विवाद है। उसी को लेकर लड़ाई शुरू हुई थी। लड़ाई बड़ा रूप ना ले, इसलिए यहां पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया की यहां कोई जरूरत नहीं थी, लेकिन फिर भी मीडिया को बुलाया गया और इस लड़ाई को बड़ा रूप दिया गया। आए दिन झरिया विधायक का यही कहानी हैं। किसी भी छोटी चीज को माचिस जलाकर बड़ा कर देती हैं। मामला बढ़ा देने के बाद वह खुद मीडिया को लेकर पहुंच जाती हैं और राजनीतिक रोटी सेंकने लगती हैं। वहीं, विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि पिछली बार जब वे विधायक नहीं थी, उस समय उनके समर्थकों के नल और पाइप तोड़ दिए जाते थे। ऐसी ओछी राजनीति की जा रही थी। हमारे विधायक बनने के बाद सभी को पानी पीने का अधिकार दिया गया है। इतनी कठिनाई से पानी की व्यवस्था हुई है तो लोगों को हजम नहीं हो रही है। रागिनी सिंह ने आसनी सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों पर कहा कि मैं उन्हें नहीं पहचानती हूं। कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक के घर से तरह-तरह के लोग आते हैं। कुछ लोगों को भाड़े के टट्टू की तरह रख लिया गया है, ताकि वह चिल्लाते रहें और झरिया विधानसभा क्षेत्र को अशांत करते रहें।

### क्या है मामला

झरिया में बोर्रागढ़ ओपी क्षेत्र के गोरखपुरी कैंप के समीप कॉलोनी में सरकारी नल से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। विवाद में महज नल टूटने की बात सामने आई थी, जिसके बाद रागिनी सिंह और आसनी सिंह मौके पर पहुंची। बता दें कि सिंह मेंशन कोयलांचल में दो कुनबों में बंटा हुआ है। एक तरफ सिंह मेंशन में स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के बेटे संजीव सिंह और मनीष सिंह का पूरा परिवार है। संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह फिलहाल झरिया से भाजपा विधायक हैं। वहीं, दूसरी ओर रघुकुल और पृथ्वी मेंशन है। दोनों एक तरफ हैं। रघुकुल से स्वर्गीय नीरज सिंह की पत्नी पूर्णिमा सिंह झरिया की पूर्व विधायक हैं. जबकि आसनी सिंह रामाधीर सिंह की बहू हैं। साल 2024 के विधानसभा चुनाव में पूर्णिमा सिंह के पक्ष में उतरकर आसनी सिंह ने खुलकर प्रचार किया था।

## कतरास कॉलेज के प्राचार्य ने चारदीवारी निर्माण को लेकर विधायक को लिखा पत्र

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास कॉलेज के प्राचार्य डॉ बी कुमार ने बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो को पत्र लिखकर कॉलेज की चार दीवारी निर्माण कराने की मांग की है। प्राचार्य ने पत्र के माध्यम से कहा है कि कतरास कॉलेज एकमात्र सरकारी महाविद्यालय है, जसमें क्षेत्र के 70 फीसदी से अधिक छात्र-छात्राएं यहां अध्यनरत हैं। चारदीवारी नहीं होने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। शीघ्र चार दीवारी निर्माण करायी जाए। वहीं, बाघमारा विधायक ने चार दीवारी निर्माण को लेकर धनबाद के डीसी को एक पत्र दिया है, जिसमें पुराने भवन को ध्वस्त करते हुए नए चार दीवारी निर्माण करने का निर्देश दिया है। विधायक ने डीएमएफटी फंड से चारदीवारी निर्माण करने की अनुशंसा की है।

## समारोह आयोजित कर डॉ यूके ओझा को दी गयी विदाई, उनके कार्यों की हुई प्रसंशा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जाने-माने चिकित्सक शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच अस्पताल परिसर) के मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉक्टर यूके ओझा के लिए शनिवार को समारोह आयोजित कर केयर एंड सर्व फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। दोपहर को अस्पताल कैंटीन में अस्पताल के कर्मचारी और डॉक्टर मरीज के अटेंडेंट को भोजन कराया गया। इसके बाद डॉक्टर यूके ओझा द्वारा किए गए कार्य के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कोरोना काल में इनके द्वारा किये गये कार्य के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी सम्मानित किया गया था। बतातें चलें कि डॉ ओझा केयर एंड सर्व फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक भी हैं। इस कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों के अलावा कई चिकित्सक अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ,सचिन अजय कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष संजय कुमार, अखिलेश कुमार, संयुक्त सचिव अभय कुमार, दीपांकर बनर्जी, तपन बनर्जी संरक्षक, नयन विश्वास, नीलकमल खवास, कोषाध्यक्ष अमित कुमार ऑडिटर रवि कौशल सिन्हा, प्रभात कुमार, आलोक झा, पूर्व सेक्रेटरी राजेश कुमार, राजीव शर्मा, गोपाल सिंह, राजू प्रसाद साह, राजेश्वर राय, समीर सरकार कमलेश सिंह, पंकज कुमार डे एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 'जीएसटी लिटिगेशन' पर स्टडी सर्कल मीट का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आइसीएआई) शाखा की ओर से शनिवार को 'जीएसटी लिटिगेशन' विषय पर स्टडी सर्कल मीट का आयोजन धनबाद क्लब में किया गया। स्वागत भाषण आईसीएआई धनबाद शाखा के सचिव सीए मुकेश अग्रवाल ने किया। इस मौके पर आईसीएआई शाखा के चेयरमैन सीए शशांक शेखर जायसवाल, कोषाध्यक्ष सीए पंकज खरकिया, तथा सीआईसीएएसए चेयरमैन सीए निखिल अग्रवाल भी उपस्थित रहे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-04/2025-26 1stCall**
**e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/04/2025-26 Date:- 30.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/Reconstruction of Road from Galgaltand more to Bengal border via Simulia Madhra including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines. Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Bokaro District in the State of Jharkhand. (Tetative Length 12 K.m.) *Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 12 K.m |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 03.06.2025,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 11.06.2025 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 11.06.2025 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 12.06.2025 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi

PR 353963
Road(25-26).D


## रामकनाली कोलियरी में मनाया गया सीटू का स्थापना दिवस

**कतरास (आजाद सिपाही)।** रामकनाली कोलियरी यूनियन कार्यालय में शनिवार को सीटू का 56 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त श्रमिकों के सम्मान में समारोह आयोजित की गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू के झारखंड राज्य कमेटी के सचिव राजेंद्र प्रसाद राजा ने की। वरिष्ठ मजदूर विजय बाउरी ने सीटू का झंडोत्तोलन किया। शहीद बेदी पर बारी-बारी से नेताओं-मजदूरों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति की कामना की गयी। वक्ताओं ने कहा कि श्रमिकों को अधिकार के लिए आंदोलन करना पड़ेगा। एकता और संघर्ष का परिचय देकर चार लेबर कोड़ को रद्द कराने, मंहगाई पर रोक,युवाओं को नौकरी, सार्वजनिक उपक्रमों को बचाने आदि मांगों के समर्थन में नौ जुलाई को राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल को सफल बनाएं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सदर ब्लॉक में कार्यक्रम आयोजित

# जीवन अनमोल है, तंबाकू का सेवन कर इसे व्यर्थ जाया ना करें : विकास आनंद




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को सदर ब्लॉक में सीओ सह बीडीओ विकास आनंद ने कार्यालय में उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने को लेकर संकल्प-शपथ दिलाया। लोगों से आह्वान किया कि आज के बाद कोई भी तंबाकू का सेवन ना करे। इस संबंध में सीओ विकास आनंद ने कहा कि तंबाकू के सेवन से लोगों को काफी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। जीवन बहुत कीमती है। इसलिए लोगों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जो संकल्प लिया है उसे अक्षरश पालन करेंगे। अपने रिश्तेदारों, मित्रो को भी तंबाकू सेवन नहीं करने की अपील करेंगे। इस मौके पर मधुसूदन पासवान पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया जागरूकता अभियान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को निरसा प्रखंड के मदनडीह पंचायत के जसपुर गांव में जागरूकता शिविर लाकर ग्रामीणों को तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी। इस अवसर पर अधिकतर मित्र पंकज कुमार वर्मा ने ग्रामीणों से हाथ जोड़कर विनती करते हुए कहा कि यदि आप तंबाकू, सिगरेट, खैनी, बीड़ी, गुटखा आदि किसी भी चीज का सेवन करते हैं तो जल्द से जल्द से छोड़ दें। कहा कि बड़े से बड़े कैंसर अस्पताल में जाकर देख लें समझ में आ जाएगा कि तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटका से क्या नुकसान होता है। जब मैं खुद अपने पिता को लेकर वेलोर कैंसर अस्पताल गया था तब वहां केमोथेरेपी करवाने के लिए लोग कतार में खड़े दिखे। वर्तमान में एक केमोथेरेपी का डोज 1.5 लाख से शुरू होकर 4 लाख रुपये तक का लगता है। उक्त राशि गरीबों के लिए किसी पहाड़ से कम नहीं है। इस लिए आप लोग गुटखा, तंबाकू आदि का सेवन तुरंत बंद कर दीजिए। क्योंकि तंबाकू सिर्फ शरीर को ही नुकसान नहीं पहुंचता, बल्कि परिवार-बच्चों का भविष्य भी बर्बाद कर देता है। इस मौके पर श्याम कुमार झा, चिरंजीत तिवारी, फूलचंद महतो, पूनम हेमरम आदि मौजूद थे।


**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**
**चतुर्थ डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–14/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय तीन वर्ष के लिए (दिनांक–17.06.2025 से 18.06.2025 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 12:00 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक–16.06.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025–2028 तक के लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक भवन | 900000.00 | 90000.00 | दिनांक–16.06.2025 को 12:00 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 353951 Urban Development(25-26)#D



**कार्यालय:- जिला परिषद, लातेहार**

ज्ञापांक:– दिनांक:–

**द्वितीय सूचना**

दिनांक 26.07.2024 को सम्पन्न जिला परिषद की मासिक बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 518 दिनांक 21.08.2024 के कण्डिका संख्या 89 में जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गए निर्णयानुसार मॉडल डाक बंगला, महुआडांड एवं माको डाक बंगला, लातेहार हेतु निम्न सामग्री की क्रय किया जाना आवश्यक है। उक्त सामग्री आपूर्ति हेतु निबंधित/अधिकृत दूकानदारों से दिनांक 09/06/2025 को 05:00 बजे अपराह्न तक सभी कर सहित कोटेशन निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भेजेंगे/जमा करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त कोटेशन दिनांक– 10/06/2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न् में उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी जिसमें कोटेशनदाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अवश्य उपस्थित रहेंगे।

1. किसी भी समय कोटेशन को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। जिसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं किया जायेगा।
2. सूचना प्रकाशन संबंधित जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

**सामग्री का विवरणी**

| क्र0 | सामग्री का नाम | संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | हैण्डल युक्त जेनरेटर (Kirloskar Generator) 05 HP | 02 Pc | |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, लातेहार

PR 353958 Rural Development(25-26).D

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
ADMISSION OPEN CLASS I TO VIII CLASS
8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

J.K. Sales
Furniture Solution
Up to 50% off
Bed | Mattress | Sofa
Office Furniture | Almirah | Dining Set
JK Sales, Triveni Almirah Store, Pillar No.-83, Beside M Bazaar, Lakdi Taal, Piska More, Ranchi
9386 0700 11

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

DR. SWATI'S CLINIC
Dental & Health Care
RCT
IMPLANT
FIXED TEETH
COMPLETE DENTURE
ORTHODONTIC TREATMENT
FOR APPOINTMENT CALL 7857930138 / 8235075755
Dr. Swati Prabhat Dental Surgeon
Laxmi Tower, H.B. Road, Near Sadhu Maidan, Ranchi

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाइकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

Success Ladder Classes
Admission Open
Pre Foundation V, VI, VII, VIII, XI, X
CBSE, ICSE, JAC All Subject
50% OFF
English Spoken
Foundation Batch 11th & 12th
Math, Phy, Che. & BIO
+91 94303 23661
+91 87891 14335
1st Floor, Vijyvargia Complex HB. Road, Kokar NEar Madan Dhaba, Ranchi - 834001

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
OUR WEEKENDS PROGRAMS ABACUS, DANCE, DRAWING, MUSIC (OPEN FOR ALL)
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

Mob.: 9523367777, 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG, LG, Panasonic, PHILIPS, Whirlpool, vivo, oppo, mi, realme, HDFC BANK, BAJAJ FINSERV

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th ALL BOARDS
9th | 10th ALL BOARDS
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रांची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE : bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

7903636615
8434179089
www.shreebharatplywood.com
shreebharatplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावें वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
आपका कार्य सफल होना चाहिए
बाबल के द्वारा
दक्षिणा अपने स्वेच्छा अनुसार दें।
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, राँची-834001
9431585446 | 7903633179

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ।
शुगर / बी. पी. / थाइरॉड / जोड़ों में दर्द / खूनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना इत्यादि सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, रांची, झारखण्ड

NEON ENTERPRISES
8210108590
8789361453
8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड
वोटर कार्ड
मजदूर कार्ड
E-STAMP
राशन कार्ड
पैसा निकासी
स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेन्ट लेकर जाने से
फार्म नहीं भरना पड़ता है
लाईन नहीं लगना पड़ता है
काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी
ड्राइविंग लाइसेंस
पासपोर्ट फोटो प्रिंट
जाति, आवासीय, आय
जमीन रसीद होल्डिंग
ऑनलाइन फार्म
पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today Chapterwise Class - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
VERMA PRESS PVT. LTD.

Dr. Anup's
HLCCS
राँची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमु बाई पास रोड, पुराण विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, राँची-834002

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agricultural/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी
कम लागत
कम रखरखाव
लाइसेंस मुक्त
एक साल की वारंटी
60 किलोमीटर रेंज
BAJAJ FINANCE
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21